# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026




# तमिलनाडु में भाजपा को बड़ा झटका, सीट बंटवारे से अन्नामलाई हुए नाराज, नहीं लड़ेंगे विस चुनाव?

तमिलनाडु

*तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को है। वोटों की गिनती 4 मई को होगी, इसके पहले यहां बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। तमिलनाडु बीजेपी के कद्दावर नेता और राज्य के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार तमिलनाडु बीजेपी के नेता के. अन्नामलाई ने चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के बीच सीट-बंटवारे के तौर तरीकों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी आलाकमान को चिट्ठी लिखी है।*

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

सूत्रों ने आगे बताया कि अन्नामलाई ने पार्टी नेतृत्व को सूचित कर दिया है कि वे तमिलनाडु चुनाव नहीं लड़ेंगे। अन्नामलाई कुछ चुनिंदा सीटों को एआईएडीएमके को दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। वह इस बात से नाराज हैं कि एआईएडीएमके ने उन सीटों को भाजपा को नहीं दिया जिन्हें भाजपा के लिए जीत के लिहाज से आसान माना जा रहा था। इसमें किनाथुकडावु सीट भी शामिल है। यह असंतोष पार्टी कार्यकर्ताओं तक भी पहुंच गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को किनाथुकडावु में विरोध प्रदर्शन किया और सीटों के बंटवारे की व्यवस्था पर अपना गुस्सा जाहिर किया।

**आलाकमान को लिखी है चिट्ठी, जताई नाराजगी**

**पसंदीदा सीटों को एआईएडीएमके को देने से हैं नाखुश**



### यह है सीट शेयरिंग

*तमिलनाडु की 234 सीटों में से एआईएडीएमके 169 सीटों पर और भाजपा 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। एनडीए गठबंधन के अन्य सहयोगियों को भी सीटें आवंटित की गई हैं, जिसमें पीएमके को 18 और एएमएमके को 11 सीटें मिली हैं।*

### अन्नाद्रमुक ने जारी की दूसरी सूची

तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### कलाम के पूर्व सलाहकार के खिलाफ हुई शिकायत

चेन्नई। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय ने बृहस्पतिवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय जाकर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार वी. पोनराज के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ 'आपत्तिजनक' टिप्पणी करने के आरोप में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। विजय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर राजनीतिक आलोचना की आड़ में महिलाओं का अपमान करने वाले 'भाड़े के जुआरियों' को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पोनराज भी एक राजनीतिक समीक्षक हैं।

# शाह करेंगे जारी तृणमूल के खिलाफ भाजपा के आरोपों का संकलन

पश्चिम बंगाल



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरण में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होगा एवं चार मई को मतगणना होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को तृणमूल कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ भाजपा के आरोपों का संकलन जारी करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। अभियोगनामा नामक इस दस्तावेज में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 15 साल के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार और कुशासन के कथित मामलों का संकलन किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि अभियोगनामा में तृणमूल सरकार की 14 क्षेत्रों में कथित 'विफलताओं' को उजागर किया जाएगा। प्रशासन में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था का चरमराना, महिलाओं की सुरक्षा संबंधी चिंताएं, 'सिंडिकेट राज' का बोलबाला और स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में संकट से संबंधित आरोप अभियोगनामा में प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। भाजपा अभियोगनामा का इस्तेमाल तृणमूल कांग्रेस की कथित कमियों को उजागर करने और उसके बाद अपने संकल्प पत्र में विकल्प प्रस्तुत करने की योजना बना रही है, जिसे अप्रैल के पहले सप्ताह में जारी किए जाने की संभावना है। शाह ने पिछले दो महीनों में पश्चिम बंगाल के कई दौरे किए हैं, जिसमें उन्होंने पार्टी के जमीनी नेटवर्क को मजबूत करने और चुनावी रणनीतियों को बेहतर बनाने सहित जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लिया है।

### भवानीपुर में निर्वाचन अधिकारी पर तृणमूल-भाजपा में घमासान

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा भवानीपुर विधानसभा सीट पर एक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति पर आपत्ति जताये जाने के बाद निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार से तीन अधिकारियों का पैनल गठित करने को कहा है। तृणमूल ने आरोप लगाया कि भवानीपुर विधानसभा सीट पर नियुक्त निर्वाचन अधिकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी हैं। भवानीपुर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का निर्वाचन क्षेत्र है, जहां आगामी चुनाव में शुभेंदु उन्हें चुनौती दे रहे हैं। इससे पहले नंदीग्राम के बीडीओ सुरजीत रॉय को इस महत्वपूर्ण सीट का निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। तृणमूल ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया था और आरोप लगाया था कि सुरजीत रॉय शुभेंदु के करीबी हैं और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं।

### विज्ञापन को लेकर चुनाव अधिकारी से मारपीट

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक व्यक्ति पर शुक्रवार को कथित तौर पर उस समय हमला किया गया, जब उसने चुनावी ड्यूटी के प्रशिक्षण सत्र के दौरान एक सरकारी विज्ञापन के प्रदर्शन पर आपत्ति जताई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रानाघाट के एक स्कूल में बनाए गए प्रशिक्षण केंद्र में हुई। कुछ प्रतिभागियों के अनुसार, सत्र शुरू होने से पहले प्रोजेक्टर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जुड़ा एक सरकारी विज्ञापन प्रदर्शित किया गया। चुनाव अधिकारी सैकत चट्टोपाध्याय ने आरोप लगाया कि स्क्रीनिंग का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई।

# पीएम मोदी पर चुप और राहुल पर निशाना साध रहे पिनराई : वेणुगोपाल

केरल

एजेंसी ▶▶ वायनाड (केरल)



कांग्रेस नेता के. सी. वेणुगोपाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन राज्य में राहुल गांधी के प्रभाव से भयभीत हैं और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोल रहे। वेणुगोपाल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री पिछले दो दिन से राहुल गांधी लगातार पर हमला कर रहे हैं तो उन्हें (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी के खिलाफ भी कुछ तो कहना चाहिए।' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि विजयन मोदी के खिलाफ इसलिए नहीं बोल रहे हैं क्योंकि उन्होंने केंद्र के साथ पीएम-श्री योजना और श्रम संहिताओं पर समझौते किए हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन समेत अन्य मुख्यमंत्री अपने राज्यों की मांगों को मजबूती से उठा रहे हैं, निधि हासिल कर रहे हैं और विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ रहे हैं लेकिन केरल के मुख्यमंत्री का ध्यान केवल राहुल गांधी को निशाना बनाने पर केंद्रित है।

### भाजपा-माकपा का समझौता होगा फेल : थरूर



अलप्पुझा (केरल)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को दावा किया कि माकपा और भाजपा के बीच कथित तौर पर हुआ कोई भी समझौता चुनावों में काम नहीं आएगा, क्योंकि कांग्रेस का 'जनता के साथ समझौता' है। कायमकुलम में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा, 'वाम दलों का लक्ष्य सत्ता में बने रहना है। भाजपा का लक्ष्य कांग्रेस को खत्म करना है। इसलिए अगर कोई समझौता होता है, तो वह वाम दलों और भाजपा के बीच ही होगा।' थरूर ने कहा कि वाम दलों को लगता है कि सत्ता विरोधी मतों के बंटवारे से उन्हें (वाम दलों) फायदा होगा। कांग्रेस नेता ने कहा, 'वे जानते हैं कि अगर भाजपा कांग्रेस के मतों में सेंध लगाती है, तो उन्हें लाभ होगा।

# असम में घुसपैठिया और बेरोजगारी का मुद्दा हावी, बन रहे नए समीकरण

असम

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम में जोरदार घमासान की तैयारी है। घुसपैठ का मुद्दा यहां बड़ा बनता दिख रहा है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा इसे जोरशोर से उठा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस को हिमंत के रुख से खुद का फायदा होता दिख रहा है। कहा जा रहा है कि घुसपैठियों को बाहर करने का मुद्दा भाजपा के पक्ष में असम मूल के लोगों को कर सकता है। डेमोग्राफी बदलने के खतरे का मुद्दा भी भाजपा उठा रही है। कांग्रेस को भाजपा के 15 साल के शासन से उपजी सत्ता विरोधी लहर से जीत मिलने की उम्मीद है। राज्य में भाजपा 126 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 37 सीट पर सहयोगी दल बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट और यूपीपीएल लड़ेंगे। भाजपा ने मौजूदा 19 विधायकों टिकट काट दिया है। इनमें राज्य मंत्री नंदिता गारलोसा शामिल हैं। टिकट कटने पर गारलोसा कांग्रेस में चली गई हैं। गारलोसा अब हाफलांग सीट से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस के भी कई नेता भाजपा में आ गए हैं। इनमें प्रद्युत बोरदोलोई, भूपेन बोरा, नवज्योति तालुकदार शामिल हैं।

### यह मुद्दे चर्चा में

पिछले चुनावों में ऊपरी असम में भाजपा काफी मजबूत रही है। निचले असम में कांग्रेस और एआईयूडीएफ से मुकाबला होता है। बराक घाटी में स्थिति थोड़ी भिन्न रहती है। हालांकि, इस बार चुनाव परिसीमन के बाद हो रहा है। इसलिए समीकरण बदल गए हैं। जहां तक बात मुद्दों की है तो असम में बेरोजगारी का मुद्दा काफी बड़ा है। लोगों को रोजगार चाहिए। कांग्रेस इस मुद्दे पर जोर दे रही है। असमिया पहचान और अवैध प्रवासन भी बड़े मुद्दों में शामिल है। बाढ़ और पुनर्वास, एनआरसी को लेकर जनता के बीच में चर्चा है। राज्य में राज्य सरकार का कामकाज, प्रशासन और भ्रष्टाचार भी बड़ा मुद्दा है। असम के चाय बगानों की समस्या, श्रमिकों की समस्या, बाल विवाह, बेदखली, गायक जुबिन की मृत्यु का ममला जैसे मुद्दे भी वोटों का समीकरण बनाएंगे, बिगाड़ेंगे।

## खबर संक्षेप

### फ्रांस के जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम मोदी

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।**



पश्चिम-एशिया संकट के बीच इस वर्ष फ्रांस की अध्यक्षता में 15 से 17 जून तक आयोजित किए जाने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। फ्रांस के दूतावास ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को 'अब्बे डेस वॉक्स-डे-सेर्ने' में जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने भारतीय समकक्ष एस.जयशंकर के साथ बातचीत की है।

### कुमारन होंगे ब्रिटेन में भारत के नए उच्चायुक्त

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी पी.कुमारन को ब्रिटेन में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। जल्द ही वह अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। कुमारन, विक्रम दोराईस्वामी की जगह पर ब्रिटेन में यह दायित्व संभालेंगे। जिन्हें सरकार ने चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। वर्ष 2025 से पी.कुमारन मंत्रालय में सचिव (पूर्व) के पद पर कार्यरत हैं।

### दिल्ली विस को लगातार तीसरे दिन बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। 24 से 26 मार्च के बीच मिले तीन ईमेल में विधानसभा में विस्फोट की चेतावनी दी गई, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में बताया कि इस मामले की जानकारी पुलिस आयुक्त को दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने विधानसभा पहुंचकर ईमेल की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# महाराष्ट्र में सामने आया एक और ढोंगी बाबा, महिला से किया रेप

### खुद को बताता है शिव का अवतार

एजेंसी ▶▶ पुणे



महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 35 वर्षीय महिला ने एक स्वयंभू बाबा पर रेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि नासिक में पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी और स्वयंभू बाबा अशोक खरात की हालिया गिरफ्तारी के बाद पीड़ित महिला ने 40 वर्षीय आरोपी ऋषिकेश वैद्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत जुटाई है। पुलिस ने बताया कि पुणे की रहने वाली महिला सबसे पहले 2023 में फेसबुक के जरिए आरोपी बाबा के संपर्क में आई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने एफआईआर का हवाला देते हुए बताया कि साल 2023 के ही दिसंबर महीने में आरोपी बाबा महिला से मिलने पुणे गया था। आरोपी ने कथित तौर पर महिला को यह कहकर धोखा दिया कि वह महादेव (भगवान शिव) का अवतार है और महिला उसकी 'पार्वती' है।

### पुलिस मामले की जांच कर रही

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि मुख्य अपराध कथित तौर पर पुणे में हुआ था, इसलिए मानिकपुर पुलिस ने बुधवार को एक 'जीरो एफआईआर' दर्ज की और फिर आगे की जांच के लिए मामले को पुणे के हडपसर पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी ने इसी तरह का तरीका अपनाकर कई अन्य महिलाओं को भी बहला-फुसलाकर उनका यौन शोषण किया है। अधिकारी ने आगे बताया कि आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पालघर में सामाजिक संगठन चलाता है आरोपी

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी बाबा ने उसे पुणे के मंजरी इलाके में स्थित एक लॉज में ले जाकर, उसे बेहोश करने वाला पदार्थ खिलाया और फिर उसके साथ रेप किया। इस दौरान, आरोपी ने कथित तौर पर महिला की जानकारी के बिना उसकी तस्वीरें भी खींच लीं। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पालघर जिले में एक सामाजिक संगठन चलाता है। महिला ने बताया कि आरोपी ने उसकी तस्वीरों का इस्तेमाल करके उसे ब्लैकमेल किया। पिछले साल मई महीने में आरोपी ने कथित तौर पर महिला को वसाई के एक होटल में बुलाया और दोबारा उसका यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की।

**नेपाल में नए युग की शुरुआत, बालेन शाह ने ली शपथ**

# रामनवमी के दिन हुआ राजतिलक 47वें प्रधानमंत्री बने जेन-जी लीडर



एजेंसी ▶▶ काठमांडु

नेपाल की सियासत में युवाओं की एंट्री हो गई है। शुक्रवार को 35 साल के राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के संसदीय दल के नेता बालेन शाह को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। शुक्रवार को दोपहर 12:34 पर उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे नेपाल के इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बन गए हैं। इसके साथ ही वे मधेस प्रांत से देश का नेतृत्व करने वाले पहले प्रधानमंत्री भी हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संविधान के नियमों के तहत बालेन को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शपथ समारोह राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में हुआ, जो काफी खास रहा। इसमें हिंदू और बौद्ध दोनों परंपराओं को मिलाया गया। सात ब्राह्मणों ने शंख बजाए, 108 युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्र पढ़े और 107 लामाओं ने बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया।

नेपाल में नई मंत्रिपरिषद का गठन कर लिया गया है। कुल 14 मंत्रियों को विभिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनमें कई वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ महिला मंत्रियों को भी महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। मंत्रिपरिषद में दूसरी वरीयता प्राप्त स्वर्णिम वाग्ले को वित्त मंत्रालय, तीसरी वरीयता पर रहे सुधन गुरुङ को गृह मंत्रालय जबकि विदेश मंत्रालय का कार्यभार शिशिर खनाल को दिया गया है।

### इंजीनियरिंग से सत्ता के शीर्ष तक

27 अप्रैल 1990 को जन्मे बालेन पेशे से एक स्ट्रक्चरल इंजीनियर हैं। राजनीति में आने से पहले वे युवाओं के बीच एक लोकप्रिय रैपर के रूप में मशहूर थे, जो अपने गानों के जरिए सिस्टम की कमियों पर निशाना साधते थे। मई 2022 में उन्होंने काठमांडू के मेयर का चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीता था। अपने कार्यकाल के दौरान कड़े फैसलों और अतिक्रमण हटाने की मुहिम से उन्होंने 'सुधारक' की छवि बनाई। जनवरी 2026 में प्रधानमंत्री पद की रेस में उतरने के लिए उन्होंने मेयर पद से इस्तीफा दे दिया था।

### प्रचंड बहुमत और दिग्गज नेताओं की हार

बालेन की 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' (आरएसपी) ने हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 182 सीटों पर क्लीन स्वीप करते हुए दो-तिहाई के करीब बहुमत हासिल किया है। सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ जब बालेन शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से नेपाल के चार बार के प्रधानमंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के दिग्गज नेता के.पी. शर्मा ओली को भारी अंतर से हरा दिया।

**जनगणना को लेकर बड़ा फैसला, सरकार ने दिए निर्देश**

# अभद्र सवाल पूछे तो अधिकारी को होगी तीन साल की जेल

*भारत में पहली बार कराई जा रही है डिजिटल जनगणना*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनगणना 2027 को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र सरकार ने कुछ सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें सबसे बड़ा निर्देश भारतीयों से अभद्र सवाल पूछलने को लेकर है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के लिए आंकड़े कलेक्ट करते समय अगर अधिकारी ने जानबूझकर कोई अभद्र सवाल पूछा तो सजा मिलेगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत 3 साल तक की जेल हो सकती है। इसलिए अधिकारी सावधानी बरतते हुए सवाल पूछें।

### केंद्र सरकार का नया सर्कुलर जारी

भारत के महापंजीयक के अनुसार, भारत में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है, जिसे लेकर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया हुआ है। इसलिए केंद्र के निर्देश पर एक नया सर्कुलर जारी किया गया है, जिसमें जनगणना को लेकर पूछे जाने वाले सवालों को लेकर एक आदेश जारी हुआ है। सरकार ने कहा है कि अगर किसी जनगणना अधिकारी जानबूझकर कोई अपमानजनक या अनुचित सवाल पूछा और वह दोषी पाया गया तो एक्ट के तहत उसे 3 साल की जेल की सजा हो सकती है।




### जुर्माना और सजा दोनों झेलनी होगी

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों को नए आदेश को लेकर नोट भेज दिया है। साथ ही नोट में आदेश का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी है। सरकारी नोट में जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 का जिक्र करते हुए सवाल पूछते समय सावधानी बरतने को कहा गया है। इसमें स्पष्ट है कि गलत सवाल पूछने या गलत जानकारी दर्ज करने पर 1000 रुपये के जुर्माने से लेकर 3 साल की जेल की सजा या जुर्माना-सजा दोनों झेलनी होगी।

### अधिकारयों को यह चेतावनी भी मिली

केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि अधिकारी जनगणना करते समय गलत जानकारी न भरें। परमिशन के बिना किसी की निजी जानकारी किसी से भी शेयर न करेंगे। जो अधिकारी जनगणना कार्य में लापरवाही बरतेंगे, सरकारी आदेशों का उल्लंघन करेंगे या किसी कर्मचारी के काम में बाधा डालेंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 16वीं बार हो रही जनगणना

बता दें कि देश में पहली बार डिजिटल और जाति आधारित जनगणना हो रही है। आजादी के बाद 16वीं बार जनगणना हो रही है और इसमें पहली बार जातिगत जनगणना भी कराई जा रही है। जनगणना कराने के लिए 11718 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है।

**मंदिर की प्रबंधन समिति का फैसला**

# यमुनोत्री में बिना धर्म, जाति पूछे कराए जाएंगे हर श्रद्धालु को दर्शन

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय में स्थित चार धामों में से एक यमुनोत्री मंदिर की प्रबंधन समिति ने अन्य तीनों धाम से अलग रुख अपनाते हुए 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा के तहत श्रद्धा भाव से आने वाले हर व्यक्ति का स्वागत करने का निर्णय लिया है और किसी भी श्रद्धालु से उसका धर्म या जाति नहीं पूछी जाएगी। यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने कहा, 'चार धाम यात्रा पर आने वाला हर व्यक्ति सनातनी होता है और हमने निर्णय लिया है कि यमुनोत्री धाम की यात्रा पर जो भी व्यक्ति श्रद्धा से आएगा, उसका अतिथि देवो भवः की परंपरा के साथ स्वागत किया जाएगा।'

### इन मंदिरों ने लगाए हैं प्रतिबंध

इससे पहले बदरीनाथ धाम, केदारनाथ धाम और गंगोत्री धाम में गैर-सनातनियों के सशर्त प्रवेश की अनुमति दी गई है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा है कि कोई गैर-हिंदू यदि सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था का हलफनामा देता है तो उसे मंदिरों में दर्शन की अनुमति दी जाएगी। वहीं, गंगोत्री मंदिर समिति ने घोषणा की है कि गैर-सनातनियों को पंचगव्य (गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी) ग्रहण करने के बाद ही मंदिर में प्रवेश मिलेगा। इस वर्ष चार धाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से होगी और इसी दिन उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026


शहादत





आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹103903/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹126900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹138523/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur


## रक्त से सींचा है अमन का चमन शहीदों को कोटि-कोटि नमन...

शांति कोई उपहार नहीं है, यह एक आहुति है। छत्तीसगढ़ की माटी आज अगर लाल आतंक से मुक्ति की राह पर है तो उसके लिए बलिदान देने वालों की लंबी फेहरिस्त है। बस्तर से सरगुजा और राजनांदगांव तक....कभी छत्तीसगढ़ की रक्तिम पहचान बना माओवादी विचार अब आखिरी सांस ले रहा है। यह वक्त उन शहीदों को नमन करने का है, जिन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया ताकि हम यह दिन देख सकें। हरिभूमि में आज से नक्सलवाद का दंश झेल चुके हर जिले की कहानी...।

# रेड कॉरिडोर से राहत तक...राजनांदगांव में लिखी गई आतंक के अंत की कहानी



सचिन अग्रहरि ▶▶| राजनांदगांव

शांति कोई उपहार नहीं है, यह एक आहुति है। छत्तीसगढ़ की माटी आज अगर लाल आतंक से मुक्ति की राह पर है तो उसके लिए बलिदान देने वालों की लंबी फेहरिस्त है। बस्तर से सरगुजा और राजनांदगांव तक....कभी छत्तीसगढ़ की रक्तिम पहचान बना माओवादी विचार अब आखिरी सांस ले रहा है। यह वक्त उन शहीदों को नमन करने का है, जिन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया ताकि हम यह दिन देख सकें। हरिभूमि में आज से नक्सलवाद का दंश झेल चुके हर जिले की कहानी...।

**नक्सल खात्मे की डेडलाइन 4 दिन बाकी**

उन शहीदों के नाम जिनकी शहदात ने हमें आतंक से मुक्ति दिलाई। पहली कहानी राजनांदगांव के उन शहीदों की जिन्होंने मानपुर की गलियों में, मदनवाड़ा के जंगलों में अपना 'आज' हमारे 'कल' के लिए न्योछावर कर दिया। 2009 में मदनवाड़ा के जंगलों में एसपी वी.के. चौबे सहित 29 जांबाजों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा में प्राणों की आहुति दी, तो उस शहादत ने पूरे तंत्र को झकझोर कर रख दिया। 31 मार्च की समय सीमा के साथ छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के खात्मे की दहलीज पर खड़ा है, तो राजनांदगांव का 'नक्सल-मुक्त' होना उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। इतिहास पर गौर करें तो नक्सल संगठनों ने 1990 में पहली बार खैरागढ़ के बकरकट्टा में एक रेंजर की पिटाई कर अपनी उपस्थिति का अहसास कराया था। साल-दर-साल नक्सलियों ने गांव-गांव में अपना नेटवर्क तैयार कर 1996 में मानपुर ▶▶|शेष पेज 5 पर



शहीद विनोद कुमार चौबे



### बीहड़ जंगल में 29 कैंप के जरिये घेराबंदी

राज्य गठन के बाद नक्सलियों की घेराबंदी करने के लिए अविभाजित राजनांदगांव जिले में 29 कैंप खोले गए। जंगल में खोले गए इस कैंप के जरिये लगातार ऑपरेशन भी लांच किया गया। खैरागढ़ जिले में बगारझोला, घोटा, भावे, मलैदा, बुढ़ानभाठ, मोहगांव, घाघरा, महुआढार, कटेमा, कौरवा, राजनांदगांव जिले के कन्हारगांव, कोठीटोला, जोब, मोहारा, मोहला जिले में पाटनखास, चिल्हाटी, परेवाडीह, पानाबरस, पल्लेमाड़ी, गोटाटोला, जक्के, बसेली, कोहका, संबलपुर, पीटेमेटा, सीतागांव, मदनवाड़ा, डोमीकला और नवागांव में पुलिस और फोर्स ने तगड़ी मोर्चाबंदी की।

### 2006 में केंद्रीय फोर्स ने संभाली कमान

नक्सलियों की घेराबंदी करने के लिए सन 2006 में राजनांदगांव जिले में केंद्रीय फोर्स सीआरपीएफ की तैनाती की गई। तीन साल बाद जिले में आईटीबीपी फोर्स के जवानों ने मोर्चा संभाला। पुलिस और फोर्स ने नक्सलियों को मार गिराने में सफलता भी हासिल की। वहीं लगातार ऑपरेशन के बीच 50 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी कर दिया।

## एसपी चौबे समेत 28 की शहादत के बाद आर-पार की जंग

सन 2009 में एसपी व्हीके चौबे सहित 28 जवानों की शहादत के बाद पुलिस और फोर्स ने जिले में आर-पार की जंग का ऐलान किया। जिले में पुलिस कैंप स्थापित कर जहां लगातार ऑपरेशन लांच किए गए। वहीं कई नक्सलियों को मार गिराने में भी सफलता हासिल हुई। लगातार जंग के बीच भी नक्सलियों ने 2015 में कवर्धा जिले में अपनी उपस्थिति का अहसास कराया था। पुलिस और केंद्रीय फोर्स की तैनाती के बाद पिछले कुछ सालों से नक्सली संगठन बैकफुट पर चले गए थे। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल राजनांदगांव, कवर्धा और खैरागढ़-मोहला-मानपुर जिले को नक्सल मुक्त होने की घोषणा की थी। मोहला-मानपुर-चौकी जिले में पिछले एक साल से एक दलम सक्रिय था। इस दलम ने भी पिछले दो दिन पहले आत्मसमर्पण कर अविभाजित जिले को नक्सल मुक्त कर दिया है।

### रेंजर की पिटाई कर फैलाई दहशत

राजनांदगांव जिले में 1985 से 1988 के बीच अपनी बुनियाद रखनी शुरू की थी। इस दौर में वनांचल के गांव में पहुंचकर सदस्यता अभियान का आगाज किया था। हथियार के दम पर जल, जंगल और जमीन को बचाने का वायदा कर नक्सलियों ने गांवों में अपनी पैठ बनानी शुरू की थी। नक्सलियों ने 1990 में खैरागढ़ के बकरकट्टा थाना अंतर्गत एक रेंजर की बेदम पिटाई कर अपनी उपस्थिति का अहसास कराया। पुलिस ने पहला ऑपरेशन भी इस दौर पर लांच किया था। इस घटना के बाद 1996 में नक्सलियों ने मानपुर थाना को लूटा था। मानपुर थाना को लूटने के बाद नक्सलियों ने 1999 में छुरिया थाना को लूटने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने इस मंसूबे को सफल नहीं होने दिया।

### 120 ग्रामीणों की हत्या

नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में अविभाजित राजनांदगांव जिले में 120 ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या भी की। नक्सलियों ने गांव में जनअदालत लगाकर ग्रामीणों की बेदम पिटाई कर दहशत फैलाने की कोशिश की। नक्सल मुक्त होने के बाद वनांचल के गांवों में अब दहशत का माहौल खत्म हो चुका है।

## देश में नहीं लगेगा लॉकडाउन टीम इंडिया की तरह करें काम

### पीएम मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक स्थिति गतिशील बनी हुई है, और इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, उद्योग एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना तथा नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। मुख्यमंत्रियों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिति के लिए निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर संचार और समन्वय के साथ-साथ ▶▶|शेष पेज 5 पर



### आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखें

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, नागरिकों के हितों की रक्षा करना और उद्योग तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना सरकार की मुख्य प्राथमिकताएं बनी हुई हैं।

### जमाखोरी, मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त उपाय

मुख्यमंत्रियों से आपूर्ति श्रृंखलाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त उपाय करने का आग्रह करते हुए मोदी ने गलत सूचनाओं और अफवाहों के प्रसार के खिलाफ चेतावनी दी।

युद्ध संकट के बीच बड़ा फैसला : पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपए की कटौती

# पेट्रोल, डीजल पर टैक्स घटा, पर न सस्ता होगा और न ही बढ़ेंगे दाम!

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार इसके साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपए प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपए प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपए कर दिया गया है, जबकि डीजल ▶▶|शेष पेज 5 पर

डीजल पर 21.5 रुपए और विमान ईंधन पर 29.5 रुपए प्रति लीटर का निर्यात शुल्क



### अब कितना शुल्क

- पेट्रोल-11.9 रुपए प्रति लीटर
- 1.40 रुपए मूल उत्पाद शुल्क
- 3 रुपए विशेष अतिरिक्त शुल्क
- 2.50 रुपए कृषि उपकर
- 5 रुपए सड़क बुनियादी ढांचा उपकर
- डीजल-7.80 रुपए प्रति लीटर
- 1.80 रुपए मूल शुल्क
- 4 रुपए कृषि उपकर
- 2 रुपए सड़क उपकर

### पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण रखने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अभी कीमतों को स्थिर रखा है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपए और डीजल 87.67 रुपए प्रति लीटर पर बना हुआ है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों पर तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल पर 26 रुपये और डीजल पर 81.90 रुपए प्रति लीटर का घाटा हो रहा है।

### फैसले का साय ने किया स्वागत

रायपुर। केंद्र सरकार के निर्णय का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वागत किया है।



उन्होंने इसे देश के 140 करोड़ नागरिकों को सीधी राहत पहुंचाने वाला ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस निर्णय से देश के प्रत्येक परिवार, किसान, श्रमिक और मध्यमवर्ग को व्यापक राहत मिलेगी।

## हरिभूमि और आईएनएच का जिला संवाद आज कबीरधाम में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि और आईएनएच न्यूज के संयुक्त तत्वाधान में जिला संवाद कार्यक्रम आज कबीरधाम में आयोजित होगा। कार्यक्रम वीर सावरकर भवन में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जिला संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, विधायक पंडरिया भावना बोहरा समेत अंचल के तमाम जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जनप्रतिनिधयों के साथ जिले के विकास एवं तमाम मुद्दों को लेकर सीधा जनसंवाद स्थापित करेंगे। कार्यक्रम में सत्तापक्ष ही नहीं विपक्ष के तमाम जनप्रतनिधि भी हिस्सा लेंगे।

**खबर संक्षेप**

### सोनिया के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्हें एक-दो दिन



में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। बुखार होने के बाद उन्हें मंगलवार रात करीब 10:22 बजे सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गांधी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और अब उनकी स्थिति 'काफी बेहतर' है। उन्हें एक या दो दिन में छुट्टी दे दी जाएगी। गांधी को 'सिस्टमिक इन्फेक्शन' हुआ था और उन पर 'एंटीबायोटिक' दवाओं का अच्छा असर हो रहा है।

## बच्चा चोरी के शक पर युवकों से मारपीट, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर जिले में बच्चा चोर के नाम पर लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर से जिले के सनावल थाना क्षेत्र में बच्चा चोरी के शक पर भीड़ ने स्कॉर्पियो सवार युवकों की बेरहमी से पिटाई कर दी। बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान पुलिस टीम मौके पर मौजूद थी। लोगों ने कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेकर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए है। बीच बचाव के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस से भी झूमा झटकी की।



### गलतफहमी के कारण घटना

बच्चा चोरी की शक पर गलतफहमी के कारण यह घटना हुई थी। इस मामले में फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से शिकायत नहीं की गई है। पुलिस ने अपनी ओर से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

-विश्व दीपक त्रिपाठी
एएसपी बलरामपुर

कोंडागांव जिले के बैलगांव में ग्रामीणों और दोस्तों ने जमकर मनाया जश्न

# एक मंडप, एक दूल्हे ने दो दुल्हनों से लिए फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

**खास खबर**

कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लाक के बैलगांव में एक युवक ने दो युवतियों से 24 मार्च को शादी की। एक ही मंडप में उसने दोनों का हाथ पकड़कर अग्नि के चारों ओर चक्कर लगाकर सात फेरे लिए और शादी के वचन निभाने की कसमें खाईं। शादी में दोस्तों और ग्रामीणों ने जमकर डांस किया और जश्न मनाया। ग्रामीणों के अनुसार तीनों परिवारों की रजामंदी, समाज के बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ यह विवाह हुआ ताकि भविष्य में विवाद न हो। एक दूल्हे की दो दुल्हन से शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस शादी की प्रदेश में जमकर चर्चा हो रही है। दूल्हा ▶▶|शेष पेज 5 पर



### सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार हुईं रस्में

शादी सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार हुई। दो दिन गाजे-बाजे के साथ जमकर जश्न मना। पहले दिन 23 मार्च को मंडपाच्छादन और हरिद्रालेपनकी रस्में हुईं। 24 मार्च को पाणिग्रहण, लग्न और आशीर्वाद समारोह हुआ। सभी रस्में विधिविधान के अनुसार पूरी की गईं।

### आदिवासी समाज की अलग परंपरा

इस मामले में अधिवक्ता का कहना है कि हिन्दू मैरिज एक्ट के तहत कोई व्यक्ति दो विवाह नहीं कर सकता। दूसरा विवाह तभी संभव है, जब पहली पत्नी से विधिवत तलाक लिया गया हो या उसकी मौत हो गई हो। आदिवासी समाज में अक्सर एक से अधिक विवाह की परंपरा देखी जाती है।



# बाजार में भूचाल, चौतरफा संकट...

## रुपया 86 पैसे टूटकर सबसे निचले 94.82 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 86 पैसे टूटकर 94.82 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। तेल की ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर बनी अनिश्चितताओं के बीच अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार निकासी से स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा है।

### गिरावट के प्रमुख कारण

विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय बाजारों से पूंजी की लगातार निकासी एक बड़ा कारक है। इसके साथ ही, ईरान में जारी संकट और व्यापक मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

## चांदी 11250 रुपए फिसली, सोने में 1900 रुपए की आई गिरावट



**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की गिरावट आई। चांदी 11,250 रुपए लुढ़ककर 2.30 लाख प्रति किलोग्राम रही, जबकि सोना टूटकर 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी की कीमत 11,250 रुपए यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर 2,30,000 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई।

### इसलिए आया उतार-चढ़ाव

विश्लेषकों ने कहा कि सर्राफा कीमतें अस्थिर रहीं, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक संकेतों ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 37.19 डॉलर, यानी लगभग एक प्रतिशत बढ़ा।

## सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का निफ्टी में आई भारी गिरावट



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपए में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 प्रतिशत गिरा।

### कच्चे तेल का दिखा असर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर रही। इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार चली गईं।

**प्रियंका गांधी के पीए और कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल घेरे में**

# कांग्रेस नेताओं पर टिकट के बदले करोड़ों ऐंठने के आरोप, एफआईआर हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ टिकट दिलवाने के बदले करोड़ों की ऐंठने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। मामला हरियाणा विधानसभा की बावल सीट से जुड़ा है। हरियाणा में पूर्व महिला कांग्रेस महासचिव सुचित्रा देवी के पति गौरव कुमार ने 2024 के विधानसभा चुनाव में बावल विधानसभा सीट से टिकट के लिए कांग्रेस नेताओं को 7 करोड़ रुपए देने का आरोप लगाया। इस संबंध में नई दिल्ली जिले के नॉर्थ एवेन्यू थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नई दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर नंबर 0011/2026 दर्ज हुई है। इसमें प्रियंका गांधी के पीए साहब अहमद खान, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, केसी वेणुगोपाल के पीए अंश



अली और सांसद के सुरेश का नाम शामिल है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2), 318(4) और 316(2) के तहत दर्ज किया गया है। गौरव कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका परिवार 1969 से कांग्रेस से जुड़ा हुआ है। उनके पिता हरियाणा में प्रथम श्रेणी के सिविल सेवा अधिकारी रहे हैं और पत्नी सुचित्रा देवी शहीद की बेटी हैं। उनकी मां 2003 में त्रिपुरा में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुई थीं।

### गौरव का दावा

गौरव का दावा है कि उन्होंने पत्नी को टिकट दिलाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के. सुरेश, केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा के पीए साहब खान समेत अन्य सहयोगियों को लगभग 7 करोड़ रुपये दिए थे। उनका आरोप है कि न तो उन्हें टिकट मिला और न ही उनके पैसे वापस किए जा रहे। उन्होंने सबूत के तौर पर व्हाट्सएप चैट और अन्य दस्तावेज दिल्ली पुलिस कमिश्नर को सौंपे हैं। सबूतों में बैंक स्टेटमेंट से लेकर ऑडियो रिकॉर्डिंग तक शामिल होने की बात सामने आई है। गौरव कुमार सोनीपत के कारोबारी हैं, जबकि उनकी पत्नी सुचित्रा देवी हरियाणा महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव थीं। टिकट न मिलने और रुपये लौटाने की मांग करने पर कांग्रेस ने सुचित्रा देवी को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद गौरव कुमार ने करीब दो सप्ताह पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद केस दर्ज किया।

**मिडिल ईस्ट संकट के बीच केंद्र सरकार का बड़ा फैसला**



# राजनाथ के नेतृत्व में मंत्रि-समूह बना, तेल-गैस पर रखेगा नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मिडिल ईस्ट संकट से पैदा होने वाले विभिन्न मुद्दों पर लगातार नजर रखने और उनका समाधान करने के लिए एक इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप का गठन किया है। इस ग्रुप की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। ग्रुप में गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य संबंधित मंत्री सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह ग्रुप मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध से भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों खासकर ऊर्जा सुरक्षा, तेल-गैस आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता पर नजर रखेगा।

सरकार का यह कदम इसलिए जरूरी हो गया है क्योंकि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की आधी जरूरत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात करता है। हाल के हमलों के बाद इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से टैंकरों की आवाजाही पर असर हुआ है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। भारत में ईंधन की कीमतों में उछाल या पैनिक स्थिति न बने, इसके लिए यह ग्रुप एक्टिव रूप से काम करेगा।

**पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाया लॉकडाउन की अफवाहें खारिज**



### हरदीप सिंह पुरी बोले- पेट्रोल डीजल-एलपीजी की कमी नहीं

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लॉकडाउन की खबरों को भी अफवाह बताया। हम ऊर्जा, सप्लाई चेन और जरूरी वस्तुओं से जुड़े हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर संभावित चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के स्तर पर लॉकडाउन कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। अफवाह फैलाना और बेवजह डर का माहौल बनाना गैर-जिम्मेदाराना और हानिकारक है।

### पेट्रोल-डीजल पर 10 रु. घटाई गई एक्साइज ड्यूटी

सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए घटा दी है। इस फैसले के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी घटकर 3 रुपए प्रति लीटर रह गई है। डीजल पर एक्साइज ड्यूटी शून्य हो गई। सरकार चाहती है कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ी लागत को कंट्रोल किया जा सके।

### लोकसभा में पेश हुआ जन विश्वास विधेयक

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। इसका मकसद छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और नियमों आसान बनाना है। इससे कारोबार करना आसान हो सकेगा। विधेयक को वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। इसमें चयन समिति की सिफारिशों को शामिल किया गया है। जितिन प्रसाद ने कहा कि इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा की गई है। इसमें केवल छोटे अपराधों को ही अपराध की श्रेणी से हटाया जा रहा है। साथ ही जुर्माना और सजा को अपराध की गंभीरता के हिसाब से तय किया जाएगा और अपील करने की व्यवस्था भी बनाई जाएगी। इससे लोगों के

## भारत फिर खरीदेगा रूस से एस-400 डिफेंस सिस्टम, डीएसी ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2.38 लाख करोड़ रुपए के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। इस बारे में मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली के अलावा ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक /1575/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 तिल्दा नेवरा दिनांक 27/03/2026

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 22 में सर्व सुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण कार्य। (सिस्टम टेंडर नं. 187842) | 74.60 | 56000.00 | 17.04.2026 17:30 तक |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http:// eproc. cgstate. gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?


**राज्यसभा जाने की तैयारी**

# बिहार में नीतीश युग का अंत 30 मार्च को पद से देंगे इस्तीफा!

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में करीब 2 दशक बाद नीतीश युग खत्म होने जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि नीतीश कुमार 30 मार्च को सीएम पद से इस्तीफा देंगे। गत 16 मार्च को नीतीश कुमार राज्य सभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं। 30 मार्च को नीतीश कुमार बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। 29 मार्च तक बिहार विधान सभा और परिषद की छुट्टी है। इसके अलावा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। नितिन नवीन भी राज्यसभा के लिए हो निर्वाचित चुके हैं। दरअसल, नीतीश कुमार ने गत 5 मार्च को एक्स पर पोस्ट कर राज्य सभा जाने की जानकारी दी थी।



हालांकि चर्चा पहले ही शुरू हो गई थी। नीतीश कुमार की पुष्टि के बाद बिहार की राजनीति में भूचाल आ गया था। विपक्ष ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए, वहीं नीतीश की पार्टी जेडीयू में भी विरोध शुरू हो गया था। पार्टी नेताओं का कहना था कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सीएम के लिए चुना है राज्य सभा के लिए नहीं।

**रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया**

# उर्वरक की जमाखोरी, कालाबाजारी 6,900 लाइसेंस रद्द, ईडी के छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने उर्वरकों की जमाखोरी, हेराफेरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कड़े प्रवर्तन उपाय किए हैं। रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि



प्रवर्तन एजेंसियों ने अप्रैल 2025 से, 4,66,415 छापे मारे हैं, 16,246 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, 6,802 लाइसेंस निलंबित या रद्द किए हैं और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ 821 प्राथमिकी दर्ज की हैं। विशेष रूप से फरवरी 2026 में, जमाखोरी के मामलों में 28 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, दो लाइसेंस निलंबित/रद्द किए गए और दो प्राथमिकी दर्ज की गईं। पटेल ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उर्वरकों को आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत अधिसूचित किया गया है जो राज्य सरकारों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार देता है।

### अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर नजर

पटेल ने बताया कि किफायती दामों पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, यूरिया सब्सिडी योजना के तहत किसानों को वैधानिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर यूरिया उपलब्ध कराया जाता है। 45 किलो यूरिया के बैग का एमआरपी 242 रुपये प्रति बैग है (इसमें नीम कोटिंग और लागू करों का शुल्क शामिल नहीं है)। खेत में यूरिया की आपूर्ति लागत और यूरिया इकाइयों द्वारा प्राप्त शुद्ध बाजार मूल्य के बीच का अंतर भारत सरकार द्वारा यूरिया निर्माता/आयातकर्ता को सब्सिडी के रूप में दिया जाता है।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक: छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय: सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन: 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंकोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चाज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# सांग की साधना, हर चेहरे पर शक्ति की उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चैत्र नवरात्र की रामनवमी पर नगर में जोत-जवांरा विसर्जन की धूम रही। जंवारा विसर्जन में भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा। नगर के जोरापारा, फूल चौक, हांडीपारा, टिकरापारा से जोत जंवारा विसर्जन के लिए भक्त कंकाली तालाब पहुंचे। बच्चे, बालिकाएं, युवा, पुरूष हर वर्ग के भक्तों ने सांग धारण कर शक्ति की भक्ति पर अपनी अटूट और अद्भुत आस्था व्यक्त की। भगवान शिव का रूप धारण कर सांग धारण करने वाला बालक आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं बालिकाओं और पुरूषों ने अपने शरीर पर सांग धारण किए और देवी-देवतओं के विविध रूप भी धारण किए रहे। माता आदिशक्ति के प्रति भक्तों की यह अनूठी भक्ति और आस्था लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।








देशभर में श्रीराम का जन्मोत्सव

# रामलला का 'सूर्य तिलक'



एजेंसी ▶▶| अयोध्या

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व शुक्रवार को देशभर में मनाया गया। अयोध्या में राम मंदिर में दोपहर 12 बजे वैज्ञानिक तकनीक की मदद से रामलला का दिव्य 'सूर्य तिलक' किया गया। इस दौरान करीब नौ मिनट तक सूर्य की किरणें सीधे भगवान के मस्तक पर पड़ीं। गर्भगृह में 14 पुजारियों ने वैदिक परंपरा के अनुसार अनुष्ठान संपन्न किए। समारोह के उपरांत मंदिर के कपाट कुछ समय के लिए बंद कर भगवान को 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

### रथयात्राएं भी निकाली गईं

अयोध्या के पुजारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाए और पालने में विराजमान रामलला की प्रतिमा को झुलाकर जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की रथयात्राएं विभिन्न मंदिरों से निकाली गईं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी के तट पर पवित्र स्नान किया। जबकि कई श्रद्धालुओं ने व्रत भी रखा।

## खबर संक्षेप

### हिमस्खलन से सात की मौत, पांच घायल

**श्रीनगर**। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को हिमस्खलन की कई घटनाएं हुईं, जिनमें सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए। 'जीरो पॉइंट' और मिनिमार्ग के बीच के इलाके में हिमस्खलन की कई घटनाएं हुईं जिससे वाहन मलबे के नीचे दब गए। तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस घटना में सात लोगों की मौत की पुष्टि की। सिंह ने 'एक्स' पर कहा, जोजिला दर्रे पर हिमस्खलन के कारण सात लोगों की दुखद मौत हो गई।

### इंजीनियर की मौत, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**इंदौर**। मध्यप्रदेश के इंदौर में पेंटहाउस के व्यावसायिक इस्तेमाल को लेकर हुए विवाद के बीच प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार चढ़ाने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दो बच्चों की मां शम्पा पाठक पांडेय की स्थानीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह घटना बुधवार रात करीब 10:30 बजे उस समय हुई।

### अल फलाह समूह का अध्यक्ष जवाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपए की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन



शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है।

### गंगा नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत

**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में बामपुर गांव के पास शुक्रवार की सुबह गंगा नदी में नहाते समय चार बच्चों के डूबने से मृत्यु हो गई। इनकी पहचान कुणाल (12), दीपक (17), निहाल (10) और कमलेश (10) के रूप में हुई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हवाई अड्डे पर आठ करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**पणजी**। गोवा सीमा शुल्क ने मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का 23.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक



गांजा जब्त करके पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। हवाई खुफिया इकाई ने बुधवार को बैंकॉक (थाईलैंड) और अबू धाबी से मस्कट होते हुए आए यात्रियों को रोका। यात्रियों के सामान में खाद्य पैकेट्स के भीतर छिपाकर रखे गए 23.8 किलोग्राम मादक पदार्थ को जब्त किया गया।

शक्कर कारखानों में 12 लाख मीटरिक टन का टारगेट, उत्पादन 60 हजार

# घाटे की कड़वाहट में डूबे सरकारी कारखाने दुकानों में नहीं शक्कर, अफसर बना रहे बहाने

*प्रदेश के सरकारी शक्कर कारखानों में चालू वर्ष 2025-26 में शक्कर उत्पादन में भारी गिरावट आई है। शक्कर कारखानों में 12 लाख 64 हजार मीट्रिक टन शक्कर का उत्पादन का टारगेट रखा गया था, लेकिन इस टारगेट की तुलना में महज लगभग 60 हजार मीट्रिक टन ही शक्कर का उत्पादन किया जा सका है। इसके कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों में भी चालू मार्च में शक्कर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।*

लक्ष्मण लेखवानी, रायपुर
विकास चौबे, बिलासपुर/अंबिकापुर से

खास खबर

प्रदेश में पंजीकृत कार्ड धारकों के कोटे के अनुसार 40 प्रतिशत से भी कम शक्कर का भंडारण राशन दुकानों में हो पाया है। इस वजह से अब तक 60 प्रतिशत से अधिक हितग्राहियों को शक्कर वितरण नहीं हो पाया है। इधर नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के एक अधिकारी का कहना है कि कारखानों से शक्कर का भंडारण जैसे-जैसे हमारे यहां होता है, वैसे-वैसे राशन दुकानों में मांग के अनुसार भंडारण कराया जाता है। मार्च में जितना आवंटन हुआ है, उसके अनुसार दुकानों में शक्कर का भंडारण करा चुके ▶▶|शेष पेज 5 पर

### करोड़ों रुपए के घाटे में चल रहे शक्कर कारखाने

प्रदेश में संचालित सहकारी शक्कर के कारखानें घाटे में चल रहे हैं। हर साल कारखाना में शक्कर का उत्पादन तो किया जा रहा है, लेकिन इससे मुनाफा नहीं बल्कि करोड़ों रुपए ▶▶|शेष पेज 5 पर

## प्रदेशभर में शक्कर की कमी, दुकानों में लोगों की लगी लाइनें

### अंबिकापुरः मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाने में वेतन के लाले

**अम्बिकापुर**। मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना इन दिनों भारी वित्तीय संकट से जूझ रहा है। इस बार कारखाने में बेहद कम गन्ने की आवक होने से शक्कर उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। कारखाना प्रबंधन निर्धारित कोटे के अनुसार राशन दुकानों के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को शक्कर उपलब्ध करा रहा है लेकिन अग्रिम भुगतान नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों का वेतन भुगतान तक नहीं हो पा रहा है। गन्ने की कम आवक होने के कारण पिछले साल 3 महीने से अधिक समय तक कारखाने का संचालन ▶▶|शेष पेज 5 पर

- गन्ने की आवक घटने से लगातार कम हो रहा शक्कर उत्पादन



### गन्ना का बाजार में दाम ज्यादा इसलिए बेचने वाले किसान भी घटे

कारखानों में शक्कर के उत्पादन में आई कमी का एक कारण किसान भी हैं। सूत्रों के अनुसार कारखानों में पेराई के लिए जिस कीमत पर गन्ना किसानों से खरीदा जा रहा है, उससे ज्यादा कीमत पर बाजार में बिक रहा है। इस कारण से किसान भी सहकारी कारखानों को गन्ना न बेचकर बाजार में बेच रहे हैं। इस वजह से भी कारखानों में लगातार गन्ना की पेराई और शक्कर उत्पादन में गिरावट आई है।

### शक्कर कारखाने से ही आपूर्ति बाधित, राशन दुकानों में शक्कर नहीं

**बिलासपुर**। भोरमदेव स्थित शक्कर कारखाने में गन्ने की नई फसल से शक्कर के उत्पादन में देरी होने के कारण जिले की राशन दुकानों में शक्कर की सप्लाई बाधित हुई है। शहर की नौ दुकानों सहित जिले की 22 राशन दुकानों में अब तक शक्कर का आबंटन जारी नहीं हो सका है। नागरिक आपूर्ति निगम के अनुसार एक से दो दिनों के भीतर शक्कर का ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### एक दो दिन में

675 दुकानों को आबंटन जारी किया जा चुका है। अब कारखाने से शक्कर आ चुकी है, जिससे एक से दो दिनों के भीतर दुकानों को शक्कर का आबंटन जारी कर दिया जाएगा।

**नितिन दीवान**
डीएम, नागरिक आपूर्ति निगम

#### कम मात्रा में भंडारण हुआ

नान विभाग से यह जानकारी मिल रही है कि कारखानों से शक्कर की आपूर्ति इस बार बहुत कम हुई है। चालू माह में वंचित होने वाले हितग्राहियों को शक्कर आगामी महीने में जोड़कर देने की व्यवस्था करना चाहिए।

**- नरेश बाफना,** अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

# तरबूज के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे एक करोड़ का गांजा



- तस्करी करते छह आरोपी गिरफ्तार
- बकायदा चल रही थी पायलटिंग वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के दोनों प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 53 और 353 लंबे समय से गांजा तस्करी के लिए चर्चित हैं। यहां तस्कर नित नए तरीके से तस्करी कर पुलिस को चकमा देने की कोशिश करते हैं। शुक्रवार को पुलिस ने तरबूज के नीचे छिपाकर तकरीबन एक करोड़ 12 लाख का गांजा को पकड़ने में सफलता पाई। तस्कर बकायदा लग्जरी कार से पायलटिंग कर रहे थे। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और थाना सिंघोड़ा ▶▶|शेष पेज 5 पर


### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में सतीश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, सूरज गुप्ता और योगेश कुशवाहा उत्तरप्रदेश के निवासी हैं। हरिबाबू वर्मा और रामबाबू वर्मा मध्यप्रदेश के सतना जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) (II) (बी) और 29 (1) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### • पिकअप, कार और मोबाइल जब्त

मौके से पुलिस ने गांजा, परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन, पायलटिंग के लिए इस्तेमाल की जा रही हुंडई औरा कार तथा 6 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त गांजा की कीमत 1 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए, पिकअप वाहन की कीमत 5 लाख रुपए, कार की कीमत 7 लाख रुपए और मोबाइल फोन की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है। इस प्रकार कुल 1 करोड़ 25 लाख 20 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

# ईरान ने थैंक्स इंडिया लिखकर इजरायल पर दाग दी मिसाइल




एजेंसी ▶▶| तेहरान/दुबई

अमेरिका और इजरायल से युद्ध लड़ रहा ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही कुछ दिनों के लिए हमले रोक दिए हों, लेकिन ईरान इजरायल और खाड़ी देशों पर हमले जारी रखे हुए है। इस बीच, ईरान ने भारत समेत उन देशों को अनोखे अंदाज में धन्यवाद दिया है, जिन्होंने इस लड़ाई में उसका साथ दिया। ईरान ने इजरायल पर मिसाइलों से हमला किया और इन मिसाइल पर भारतीयों के लिए मैसेज लिखा था। इस पर ईरान ने लिखा, 'थैंक्स यू प्यूपिल ऑफ इंडिया।' इतना संदेश लिखकर ईरान ने मिसाइल इजरायल पर दाग दी। इसके अलावा, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ईरान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बंद कमरे में चर्चा

रूस ने ईरान में नागरिक अवसंरचना पर हुए हमलों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से बंद कमरे में चर्चा करने का अनुरोध



किया है। संयुक्त राष्ट्र में रूसी मिशन के प्रेस सचिव येवगेनी उस्पेंस्की ने कहा कि रूसी संघ ने ईरान में शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित नागरिक अवसंरचना पर जारी हमलों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से बंद कमरे में चर्चा करने का अनुरोध किया है। अमेरिका ने इस बैठक के लिए न्यूयॉर्क के समयानुसार आज सुबह 10:00 बजे (जीएमटी 14:00 बजे) का समय निर्धारित किया है।



### इधर, ट्रंप ने बढ़ा दी ईरान को दी टाइमलाइन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरुमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गई समय-सीमा आगे बढ़ा दी, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए।

### ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर भीषण हमला

ईरान की सरकारी मीडिया का दावा है कि उसके न्यूक्लियर प्लांट को निशाना बनाया गया है। इसमें हेवी-वॉटर प्लांट और येलोकेक प्रोडक्शन प्लांट शामिल है। ईरान की फ़ार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका और इजरायल के हमलों में मध्य ईरान में स्थित एक हेवी वॉटर रिएक्टर को निशाना बनाया गया है। खोंदाब हेवी वॉटर कॉम्प्लेक्स को अमेरिकी और इजरायली दुश्मन के हमले में दो फेज में निशाना बनाया गया। हेवी-वॉटर प्लांट और येलोकेक प्रोडक्शन प्लांट दोनों ही परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण प्लांट होते हैं। हेवी-वॉटर मुख्य रूप से परमाणु रिएक्टरों में न्यूट्रॉन की गति कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

उत्तरप्रदेश में बड़ा हादसा

## पिकअप की ट्रेलर से टक्कर आठ श्रद्धालुओं की गई जान

**कौशांबी**। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा जिले के सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास लगभग शाम चार बजे हुआ। पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया।



### घायल लगा रहे थे मदद की गुहार

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि घायल यात्री सड़क पर पड़े थे और मदद के लिए गुहार लगा रहे थे।

बिजली कर्मचारियों पर मामला दर्ज

# करंट की चपेट में आने से मादा भालू सहित दो शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

जंगल में विचरण कर रहे एक मादा भालू और उसके दो शावक 11केवी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई है। मामले में वन विभाग की टीम ने वैधानिक कार्रवाई कर अंतिम संस्कार कर दिया है और वहीं मामले की जांच के उपरांत वन विभाग ने बिजली विभाग के एक कर्मचारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है। मामला कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम सखोदा में घटित हुई है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

- कटघोरा वन मंडल की केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम सखोदा परिसर की घटना



### विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांगी गई जानकारी

केंदई रेंज में 11केवी तार के संपर्क में आने से एक मादा भालू और उसके दो शावकों की मौत हुई है। मामले की जांच उपरांत बिजली विभाग के कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से पूरे प्रकरण की जानकारी मांगी जा रही है। वन्य प्राणी क्षेत्र है इसलिए इस इलाके में आईसोलेटेड वायर लगाया जाना चाहिए। **-कुमार निशांत**, वनमंडलाधिकारी कटघोरा

## ओपनिंग सेरेमनी के बिना ही आज से आईपीएल 2026 का आगाज



# चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा पहला मैच, बेंगलुरु- हैदराबाद के बीच होगी टक्कर

*बीसीसीआई ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद की*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ आईपीएल के 19वें सीजन का आगाज शनिवार 28 मार्च से होने जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद कर दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 का पहला मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले कोई जश्न नहीं होगा। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल 31 मई को भव्य क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित करने की योजना बना रही है। आईपीएल 2025 का खिताब आरसीबी ने जीता था। जश्न के दौरान 4 जून, 2025 को हुई भगदड़ में 11 क्रिकेट प्रेमियों की जान चली गई थी।


ईशान किशन | रजत पाटीदार

### आरसीबी के दो गोलंदाज नहीं खेलेंगे

विराट कोहली एक बार फिर आरसीबी के लिए मैच विनर साबित हो सकते हैं। चिन्नास्वामी की छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। हालांकि, मैच से ठीक पहले स्टार तेज गेंदबाजों की चोट ने आरसीबी की टीम में थोड़ी चिंता जरूर पैदा की है। यश दयाल और नुवान तुषारा जैसे नामों की कमी टीम को खल सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एक नए अवतार में नजर आएगी।

## चिंतन

# परिस्थितियां कठिन लेकिन भरोसा रखें

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है, खासकर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और सप्लाई चेन पर। हालांकि, हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह सरकार पर भरोसा रखने का समय है। सबसे पहले यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि देश में पेट्रोल, डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार और संबंधित मंत्रालयों ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रही हैं और सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एलपीजी के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हाल के दिनों में कुछ अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसी अफवाहें ही असली समस्या को बढ़ाती हैं। जब लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस खरीदने लगते हैं तो सप्लाई पर दबाव बढ़ता है और अस्थायी संकट पैदा हो सकता है। इसलिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल के संदर्भ में दी गई टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य केवल यह बताना था कि उस समय लॉकडाउन एक विशेष परिस्थिति में लगाया गया था, जबकि वर्तमान हालात उससे अलग हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात की पुष्टि की है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है। कोरोना काल में लोग एक-दूसरे के संपर्क में न आएं, इसलिए लॉकडाउन लगाया गया था। अब ऐसे हालात नहीं हैं, इसलिए लॉकडाउन नहीं होगा। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन लोग घबराएं नहीं, पैनिक न हों, सरकार पर भरोसा रखें। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जहां पहले यह लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब 110 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इसका सीधा असर तेल कंपनियों पर पड़ा है, जिन्हें प्रति लीटर 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय माना जा रहा था, लेकिन सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कटौती से कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली है। शुरुआत में कमर्शियल उपयोग के लिए सप्लाई कम की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर लगभग 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। भारत की कूटनीति भी इस कठिन समय में एक मजबूत स्तंभ के रूप में सामने आई है। रूस, अमेरिका, ईरान और अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ संवाद स्थापित कर भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित किया है। यह दिखाता है कि देश केवल आंतरिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय और सक्षम है। इन सभी प्रयासों के बावजूद यह मानना होगा कि परिस्थितियां पूरी तरह आसान नहीं हैं। वैश्विक संकट का प्रभाव किसी न किसी रूप में पड़ता ही है, लेकिन ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है जनता का धैर्य और सरकार पर विश्वास। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन विश्वास और संयम से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।



मुद्दा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों के जाने का शोक, अपनों से बिछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है, मेरे नाना के पिता 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वे ज़िंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ा और कमजोर हो गया था, लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां होगी ही नहीं। यदि इन्हें ज़िंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा-बाजा के साथ हाथी के जुलूस के साथ ज़िंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हज़ारों लोग काशी के लिए बिदा करके आए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया। लोग कहते हैं कि मृत्यु आए तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? जिंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे-संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है।

अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी। अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय



बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं।

इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती। यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है। नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड, जिसने दुनिया में नई बहस को छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया, लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगल रूप से प्राप्त करने के पक्ष में हैं। अगर इस तरह की गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशों ने अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं।

भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है, ऐसा कि हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा? भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली, पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुआ। माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे, इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं, इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती।

जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उन पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

( लेखक सीयूपी बठिंडा में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## संसाधन

बलकार सिंह पूनिया



# ऊर्जा संकट और गांवों की ओर लौटता समाधान

वर्तमान ऊर्जा संकट केवल ईंधन की उपलब्धता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास मॉडल की बुनियादी कमजोरियों को उजागर करता है। लंबे समय से अपनाया गया शहर-केंद्रित विकास ढांचा सुविधाओं और उपभोग पर आधारित रहा है, जिसने जीवन को आधुनिक तो बनाया, परंतु उसे बाहरी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर भी कर दिया। परिणामस्वरूप, गैस, बिजली या अन्य ऊर्जा स्रोतों में थोड़ी-सी बाधा भी शहरी जीवन को असंतुलित कर देती है। रसोई से लेकर परिवहन और दैनिक आवश्यकताओं तक सबकुछ प्रभावित हो जाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि आधुनिक शहरी व्यवस्था जितनी आकर्षक है, उतनी ही संवेदनशील और अस्थिर भी है। इसके विपरीत, भारतीय गांवों की जीवन-शैली आज भी आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। गांवों में व्यक्ति केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार होता है। यही कारण है कि संकट के समय गांव अधिक लचीले और टिकाऊ साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर हुआ पलायन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शहरों की सीमाएं सामने आती हैं, तब गांव ही सुरक्षा और स्थिरता का आधार बनते हैं।

ऊर्जा के संदर्भ में यदि देखा जाए तो गांवों के पास अनेक ऐसे विकल्प हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और जैविक कचरे से तैयार की जाने वाली यह ऊर्जा न केवल स्वच्छ और सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से गांव अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्तर पर पूरा कर सकते हैं, जिससे एलपीजी जैसी बाहरी निर्भरता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रक्रिया से प्राप्त जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले खर्च को कम करती है। इस प्रकार बायोगैस केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकती है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करती है। भारत की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि गांवों में सोलर पैनल, सोलर पंप और माइक्रो-ग्रिड जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए तो न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि एक विकेंद्रीकृत और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र भी विकसित हो सकेगा। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। फिर भी, समस्या केवल तकनीकी समाधान की नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण की भी है। अब तक की विकास नीतियों में गांवों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली, जिसके कारण स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा हुई है।

आवश्यकता इस बात की है कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और गांवों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके लिए पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की भूमिका इस परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। वे घरेलू संसाधनों के प्रबंधन की धुरी होती हैं और यदि उन्हें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे न केवल परिवार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं, बल्कि "ऊर्जा उद्यमी" के रूप में उभरकर अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अंततः यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट का समाधान केवल आयात बढ़ाने या सब्सिडी देने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने में निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, विकेंद्रीकृत ऊर्जा मॉडल को अपनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए।

आज समय की मांग है कि "गांवों की ओर लौटने" की अवधारणा को केवल भावनात्मक अपील न समझा जाए, बल्कि इसे एक व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति के रूप में अपनाया जाए। क्योंकि एक आत्मनिर्भर, संतुलित और संकट-प्रतिरोधी भारत का निर्माण तभी संभव है, जब गांवों की शक्ति, उनकी आत्मनिर्भरता और उनके संसाधन-आधारित जीवन मॉडल को विकास की मुख्यधारा में स्थान दिया जाए।

( लेखक इग्नू नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।


## संस्कार क्या है?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्व में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। *एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्व पर ले गया। युद्व लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया।* इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्व के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**बातचीत से सुलझाया जाए अमेरिका-ईरान युद्ध**

अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं होता, बल्कि यह राजनीति, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मानवता, सभी को गहराई से प्रभावित करता है। अमरीका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक तंत्र की विफलता का एक जटिल उदाहरण बन चुका है। युद्धविराम के प्रस्ताव पर जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रति अविश्वास दिखाया, उससे स्पष्ट है कि संवाद की बुनियाद ही कमजोर है। अमरीका द्वारा प्रस्तुत 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने खारिज करते हुए अपनी शर्तें सामने रख दीं, जो यह संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच कोई प्रभावी बैक-चैनल वार्ता नहीं चल रही है। पूरे विश्व के हित में यही है कि इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।

- **राजेंद्र ठाकुर**, रायपुर

## ट्रेंड

### नोएडा हवाई अड्डा



28 मार्च उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा हवाई अड्डा हमारे देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।

- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कांग्रेस की भावना



कांग्रेस की जिस प्रकार की नकारात्मक भावना है, संसद उसका संस्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी को स्ट्रक्चर के साथ चर्चा करना पसंद नहीं है; हो-हल्ला करना और हुड़दंग मचाना ही उसकी परंपरा रही है।

- **धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री**

### सरकार की नाकामी



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपेगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है।

-**अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### आमजन को राहत




वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अधिकांश देशों में आम जनता पर बोझ बढ़ा है। ऐसे समय में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां सरकार ने करों में कटौती कर आम लोगों को राहत देने का कार्य किया है।

-**अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर


# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखाई देंगे ट्रंप के हस्ताक्षर



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका इस वर्ष देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ' 'अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे। ऐसा इतिहास में पहली बार होगा और यह राष्ट्रपति के नेतृत्व एवं हमारे महान राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस महीने की शुरुआत में, एक संघीय कला आयोग ने अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप की छवि वाले 24 कैरेट सोने के स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को मंजूरी दी थी। बेसेंट ने एक बयान में कहा, ' 'राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, हम अभूतपूर्व आर्थिक विकास, डॉलर के स्थायी प्रभुत्व और राजकोषीय मजबूती एवं स्थिरता की राह पर हैं।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय



पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन अगर आप एक एथलीट हैं तब भी हमेशा 'आइस बाथ' नहीं लेना चाहिए।


### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2



**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें। सुरीली ने इस वीडियो के साथ एक नोट भी लिखा। यामी की बहन सुरीली ने लिखा, 'एक बार फिर आदित्य धर फिल्म्स को सलाम। शानदार फिल्म। हमें आप पर बहुत गर्व है। और मेरी प्यारी बहन यामी, जो मेरी ताकत है। आप सभी को ढेर सारा प्यार। अब पार्टी करते हैं।' यामी ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'लव यू।' यामी गौतम की शादी फिल्म डायरेक्टर आदित्य धर से हुई है। उन्होंने उरी जैसी सुपरहिट फिल्म भी बनाई है। धुरंधर की पहली फिल्म दिसंबर में रिलीज हुई थी, जबकि धुरंधर 2: द रिवेंज 19 मार्च को रिलीज हुई है। फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है।

## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स : आरती

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं। आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।



## इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने



**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।' मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।

## मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी



**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है। एएनआई के अनुसार, मोना ने अपने किरदार के बारे में कहा, 'विनीता का किरदार उन सब से बहुत अलग है, जो मैंने पहले किए हैं। इसमें सिंगल मां और बेटे के बीच दोस्ती, भरोसा और प्यार दिखाया गया है। मुझे यह बहुत अच्छा लगा कि विनीता खुद को कमजोर होने देती है, फिर से प्यार ढूंढती है और अपने बेटे के अनोखे नजरिए पर भरोसा करती है।'

## शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं। उनकी दूरदर्शिता और संगीत के प्रति लगाव ने बहुत कुछ संभव बनाया था। गुलशन जी की वजह से ही इतने सुंदर गाने बने। वे हमेशा याद किए जाएंगे। साथ ही, किशन कुमार और छोटे भूषण के साथ बिताए मीठे पल भी कभी नहीं भूल पाते। उन दिनों की दोस्ती और सहयोग आज भी दिल को छू लेते हैं।' उन्होंने आगे लिखा, 'फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' को महेश भट्ट ने निर्देशित किया था। गाने अनुराधा पौडवाल और कुमार सानू ने गाए। गाने समीर ने लिखे हैं, जबकि संगीत नदीम-श्रवण ने तैयार किया है। बता दें कि गाना 'मस्ती भरा है ये समा' फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' का अनरिलीज्ड गाना है। हालांकि, इसकी रिकॉर्डिंग वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं।





# रहस्यमय ढंग से पेड़ से गिरे 8 बंदरों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कुई क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां गुरुवार शाम कदम के पेड़ पर बैठे 8 बंदर अचानक एक-एक कर नीचे गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में दहशत का माहौल है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंदर पेड़ पर सामान्य रूप से बैठे हुए थे, तभी अचानक वे गिरने लगे। पास स्थित कॉलेज के अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पंडरिया के अनुविभागीय अधिकारी सुयेश दिवान, रेंजर पल्लवी, डिप्टी रेंजर संतोष सोनी, वन रक्षक जितेंद्र चंद्राकर एवं पांडातराई रेंज के अधिकारी कय्यूम खान मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौके पर 7 बंदरों की मौत हो चुकी थी, जबकि 8वां बंदर भी मृत अवस्था में पाया गया। शुक्रवार को वाइल्ड लाइफ डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी मृत बंदरों का पोस्टमार्टम किया गया।

# डेडलाइन के लिए चार दिन शेष, सुराग नहीं पर 19 नक्सलियों की तलाश, सरेंडर की अफवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




कांकेर जिले में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी के 12 और प्लाटून नंबर 05 के 07 नक्सलियों ने सबकी चिंता बढ़ा दी है, उसका बड़ा कारण यह है कि अब डेडलाईन के लिए केवल चार दिन शेष बचे हुए है। बीती रात से कई तरह से 19 नक्सलियों के सरेंडर की अफवाह रातभर से चलती रही है, परंतु समाचार लिखे जाने तक परिणाम का सिफर रहा। जानकारी के अनुसार कांकेर जिला में सक्रिय 19 नक्सली को समर्पण को लेकर बीती रात को हल्ला मचा कि गोमे के आगे गुमझुर में रूपी एवं उनकी टीम है और आने के लिए तैयार हो गई है, परंतु कल की पूरी रात निकल गई और शुक्रवार 27 मार्च का पूरा दिन निकल गया, एक भी नक्सली जंगल से बाहर नहीं निकला। जंगल से बाहर लाने के लिए चार से पांच टीम सक्रिय रही, परंतु समाचार लिखे जाने तक किसी से भी 19 में से किसी नक्सली से किसी का संपर्क नहीं हो पाया है। सक्रिय 19 नक्सलियों के समर्पण को लेकर जो गदर मच रही है और अफवाहें फैलाई जा रही है, उससे ही काम बनने के बजाए बिगड़ते हुए दिख रहा है। पापाराव के आने के बाद अब सबकी नजर रूपी, चंदर और मंगलू पर लगी हुई है। इस टीम के आने के बाद मोहला मानपुर की तरह कांकेर जिला भी नक्सल मुक्त जिला घोषित हो जाएगा। पुलिस अपना नेटवर्क लगाकर रखी है, परंतु जंगल में फैली गदर के कारण काम बनने के बजाय लगातार बिगड़ते जा रहे है। मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के सक्रिय 07 नक्सली में सुकदार उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा, हिड़मा सोढ़ी निवासी पश्चिम बस्तर जिला बीजापुर क्षेत्र, शंकर निवासी पश्चिम बस्तर जिला बीजापुर और होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर की है।

## परतापुर एरिया कमेटी में बचे 12 नक्सली

परतापुर एरिया कमेटी के बचे 12 न क्सलियों में रूपी पति विजय रेड्डी निवासी आंध्र प्रदेश, चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा, राधिका कुंजाम निवासी मिनपा जिला सुकमा, जिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर, कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर, लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, संदीप कड़ियाम निवासी इंद्रावती क्षेत्र है।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
**(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)**
**O/O THE SUPERINTENDING ENGINEER, (CC-I), RAIPUR**
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801Fax No. 0771-2574805

## NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025_145 Dt.27.03.2026 RFX No. 8100050376 | **Estimate for replacement of LT cable from bushing to distribution box of 42 nos. (200 KVA-20 No., 315 KVA -10 no., 63 KVA -03 Nos. & 100 KVA -09 Nos.) capacity DT's at various location for smart mattering under Shankar Nagar Zone of City Dn. (East) Raipur. 76-028-5145-25-0071 dt. 08.12.25. R45028250512 & 0513. (O&M-151-I) Estt. Amt. 747082.00** | 6,20,903/- | Dt. 16.04.2026 upto 02:30 PM | Dt. 16.04.2026 upto 03:00 PM |
| 2. | TR-2025_146 Dt.27.03.2026 RFX No. 8100050378 | **Estimate for shifting of LT line, replacement of PCC pole and extension of LT line at various location under Nagar Nigam Zone No. 06 under Tikarapara Zone City Dn. West Raipur. 76-020-5146-25-0003 dt. 27.01.2026. R46020250609. (MM-17-I) Estt. Amt. 1846817.00** | 14,60,580/- | Dt. 16.04.2026 upto 02:30 PM | Dt. 16.04.2026 upto 03:00 PM |
| 3. | TR-2025_147 Dt.27.03.2026 RFX No. 8100050379 | **Est. for extension of 11 KV Additional Bay for 11 KV Sun City feeder bifurcation at Daldal Seoni-2 S/s. of Daldal Seoni Zone under City Dn. East Raipur. 46-032-5145-2025-014 dt. 11.03.26. R45032250688. (ND-85-I) Estt. Amt. 1145783.00** | 8,91,307/- | Dt. 16.04.2026 upto 02:30 PM | Dt. 16.04.2026 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

**SUPERINTENDING ENGINEER**
**CITY CIRCLE-I CSPDCL RAIPUR**

**SAVE ELECTRICITY**

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**WORLD BANK PROJECT DIVISION, AKOT**

## E-TENDER NOTICE No.17/2025-2026
## No.995/TC/ETN-17/2026/Date 23.03.2026.
## Online E-Tenders.

Online Tender are invited by Executive Engineer, World Bank Project Division, Akot e-mail-wbakot.ee@mabapwd.gov.in for following works for B-1 Works Sr. No. 2 to 6 from Competent Contractors (Register With P.W.D.) Government of Maharashtra Public Work Department in appropriate class & B-1 Works Sr. No. 1 From Competent and Interested Contractors (Not Neccessary Registered With P.W.D.). If Global Company having its Branch/ Sub Company in India, They Can Participate in Tender. E-Tender can be downloaded from the http://mahatenders.gov.in. Other instruction can be seen in the e-tender form. Competant Authority Reserve the Right to Reject All or any one of the Tender. Conditional tender will be not be accpted.

| Sr. No | Name of work | Estimated Cost | Category |
|---|---|---|---|
| 1. | Tree Plantation & maintanance On MDR 31 Patsul Railway Station Jaulka Rohankhed Road Ch 0/00 to 11/950 (Including 3 Year Maintainance) Tq. Akot District Akola (IIIrd Call) | 19283909 | Open |
| 2. | Construction of Cement Concrete Road From Ramdas Paturde House to Shankar Ambadas Bharsakade House At Mauje Deori Tq. Akot District Akola | 1012453 | Open |
| 3. | Construction of Compound Wall & RCC Drain At Govt. Grain Godown At Akot District Akola | 4211934 | MKSS |
| 4. | Strengthening to Cement Concrete road & Borewell & New Shuttering in Premises of Grain Godown At Akot Tq. Akot District Akola | 4199231 | MKSS |
| 5. | Construction of Chain link Fencing And Beatufication to Muslim Kabristan At Mauje Kutasa Tq. Akot District Akola | 1683455 | MKSS |
| 6. | Construction of Chain link Fencing And Beatufication to Muslim Kabristan At Mauje Bordi Tq. Akot District Akola | 1658984 | MKSS |

Note:-
1. All eligible/interested tenderer are required to be enrolled on portal https://mahatenders.gov.in
2. Work No. 1 to 6 Tender download & prepration of Bid from Dt. 30.03.2026 at 10.00 Hrs to To Dt. 06.04.2026 at 18.00 Hrs Download. Work No. 1 to 6 Technical Envlope Opening Date 08.04.2026 (Futher tender timetable as on Online)
3. please note the further changes regarding above work will not be published through corrigendum by press notic the changes will be available only on electronic tendering system of Govt.of Maharashtra which is available on the portal https://mahatenders.gov.in & Notice
4. All detail information is available on following websites & Office Information Board.
   Visit web site for details: 1. http://mahapwd.com 2.http://mahatenders.gov.in
   Information also avalible on:- Office of the Executive Engineer World Bank Project Division, Akot Office Information Board.
5. Other instructions can be seen in the tender form. All or any one of the tender may be rejected by the competent authority.
6. Online Schedule in Applicable and Final
7. Note that the Bidder has no objection regarding Condition & Specification mentioned in Tender while bidding. No obejection are entertained after submision of bidding completed.

(Pravin Sarnayak)
Executive Engineer
World Bank Project Division, Akot

आरओसी 2025-26/क्र.5/C-6845

# शादीशुदा प्रेमिका को ब्लेड मारकर किया घायल फिर खंभे में चढ़कर आरोपी ने दे दी जान



**महासमुंद।** शादीशुदा प्रेमिका पर ब्लेड से प्राणघातक हमला कर आरोपी युवक ने बिजली के खंभे में चढ़कर अपनी जान दे दी। जिले के बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर में हुई इस घटना के बाद घायल युवती का इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, युवती की शादी महज 15 दिन पहले ही हुई थी। शादी के बाद वह अपने पति के साथ नवरात्रि मेला देखने मायके गढ़फुलझर पहुंची थी। इसी दौरान उसका पुराना प्रेमी भी गांव पहुंच गया। दोनों रात्रि करीब 2-3 बजे दोनों घर से कुछ दूरी पर मिले, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान युवक ने गुस्से में आकर ब्लेड से युवती के गले पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद युवक ने पास के बिजली खंभे पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बसना पुलिस ग्रामीणों से सूचना मिलने पर सुबह मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित किया गया वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा घटनास्थल और शव का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। मृतक की पहचान राजेश बारिह 25 वर्ष, निवासी कांदाडोगर, थाना झारबंद ओडिशा के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि मृतक का पिछले एक वर्ष से एक महिला निवासी चमरडीह, ओडिशा के साथ प्रेम संबंध था। रात्रि में महिला के बुलावे पर वह मिलने गया था, जहां विवाद के बाद उसने ब्लेड से हमला किया और बाद में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बसना में मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

## डंपर के पलटने से चालक की मौत

**महासमुंद।** घोड़ारी से गिट्टी भरकर सरायपाली की ओर जा रहा एक डंपर पिरदा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में डंपर चालक की दब जाने से मौत हो गई। तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक बीरेंद्र कुमार साहू पिता देवानंद साहू (38 साल) ग्राम बडेडाभा (छोटे डाभा) पोस्ट गडफुलझर थाना बसना 26 मार्च को अपने डंपर ट्रक क्रमांक सीजी06 एचडी 7588 से ग्राम घोडारी (नदी मोड) महासमुंद से गिट्टी भरकर सरायपाली की ओर जा रहा था। सुबह करीबन 9 बजे एनएच53 रोड पिरदा मोड़ के पास डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया।

## घर से दिनदहाड़े नकदी व ज्वेलरी की चोरी

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड स्थित एक घर से दिनदहाड़े नकदी व सोने-चांदी के जेवरों की चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लालबगीचा वार्ड निवासी कवलजीत सिंह तलूजा ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि गुरूवार की सुबह 11:30 बजे मनीष नाम के व्यक्ति को घर में दीमक ट्रीटमेंट के लिए बुलाया था। उसे घर की सभी जगह एवं आलमारी को दिखाया गया। उसने आलमारी के सामानों को हटाने के लिए कहा। हमने आलमारी के सामानों को हटाकर उसकी दोनों दराज को लॉक किया लेकिन चाबी गलती से कपड़े में भूल गए। काम करने के दौरान मनीष एक बार बाहर निकला था। काम पूरा होने के बाद वह जल्द ही पैसा मांगने लगा। इस दौरान कंवलजीत खाना खा रहा था। अपनी मम्मी को बोलकर मेहनताना दिलाया। पैसा लेने के बाद मनीष दोपहर 2.30 बजे वहां से चला गया। उसके जाने के आधा घंटा के बाद कमरे में जाकर देखा तो आलमारी की दोनों दराज खुली हुई थी थे। दराज में रखे सोने के तीन सिक्के, एक नग सोने का लॉकेट लगा चैन, दो नग सोने की छोटी अंगूठी, एक नग सोने का बचकानी कड़ा, नकदी रकम सहित कुल 95 हजार रूपये दराज में नहीं थे।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment**
**आवश्यकता**

### टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### आफिस बॉय

**आवश्यकता है-** जेल रोड, रायपुर में ऑफिस कार्यों के लिए ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट व शराब-गुटखा आदि का सेवन न करने वाले ही **संपर्क करें। संपर्क:** 8839812454.(RO-7248)

### अकाउंट कार्य

**आवश्यकता है-** एफएमसीजी प्रोडक्ट की कंपनी में एकाउंट कार्य हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है फिल विकल्प प्राइवेट लिमिटेड **आकाश गंगा सुपेला डिल्लन कॉम्प्लेक्स-91-8518929999, 7470989889** (आरो -242)

### लॉन्ड्री कार्य

**आवश्यकता है-** वांछितः लॉन्ड्री शॉप के लिए इस्त्री, ड्राई क्लीनिंग व वॉशिंग स्टाफ। अनुभव वांछनीय। **संपर्क:** 9993003346.(RO-6611)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### रेस्टोरेंट कार्य

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में काम करने के लिए खाना बनाने के लिए शेफ आलराऊंडर, किचन हेल्पर व सर्विस स्टाफ की आवश्यकता है **संपर्क - भाठागांव, बस स्टैंड, रायपुर** +919131714848.(RO-A)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्कः अभिषेक अग्रवाल अरविन्द कार्ड के पास फूल चौक रायपुर छत्तीसगढ़ मो.** 9993586600. (RO-A)

**आवश्यकता है-** रेडिमेट कपड़े के दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है, **सम्पर्क करें - प्रिया ड्रेसेस, चिकनी मंदिर के पास, मालवीय रोड रायपुर मोबाइल 8839050010, 9584000007.**(RO-4663)

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए मेहनती एवं व्यवहारिक लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, **संपर्क करें – पूजा साड़ी हाउस, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट, पंडरी, रायपुर।** (आरो-512)

### घरेलू कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर चौबे कॉलोनी में 3 साल के स्कूल जाने वाले जुड़वा बच्चों को सभालने के लिए युवती/लड़की की आवश्यकता है, कम से कम 1 वर्ष अनुभव आवश्यक, **संपर्क करें:-** 9425211223. (RO-A)

**आवश्यकता है-** सिविल लाइन स्थित बंगले में कार्य हेतु अनुभवी पुरुष स्टाफ की आवश्यकता है। कार्यः खाना बनाना, बर्तन साफ करना, सर्विंग करना, रहने की सुविधा उपलब्ध (24 घंटे)। **संपर्क:** +91 96444 50780.(RO-27)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्सकर्मी

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी) में काम करने के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकता है एवं अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है। **सम्पर्क करें-7067048454.** (आरो-6609)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** आईटीआई फिटर और इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है। कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, **भनपुरी, रायपुर मो नं.** 95893 95294. (RO-0369)

### मशीन आपरेटर

**आवश्यकता है-** गुढियारी पहाडी चौक रायपुर में वायर कटिंग मशीन चलाने हेतु लड़को की आवश्यकता है। रोजी- 500 रू **सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक** BSNL **ऑफिस के पास, रायपुर। फोन-** 0771- 4095884. (RO-796)

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड ( टेड़ेसरा, रसमड़ा), कम्प्यूटर ऑपरेटर (रसमड़ा) ड्रायवर (जामुल) एवं लेडीस स्टॉफ (सुपेला ऑफिस) की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- मनोज सिंह- 88712-29000, हरीश बारले- (79098-57240)** (आरो - 4143)

### ठेका/लेबर

**आवश्यकता है-** सिलतरा में बाइंडिंग वायर फैक्ट्री के लिए लकड़ी भट्टी चलाने लेबर (मजदूर),और बाइंडिंग वायर मशीन चलाने ऑपरेटर की आवश्यकता, इछुक मजदूर (लेबर) या ठेकेदार ही **संपर्क करे** Mob:- **8305119768.** (RO-6610)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### अकाउंटेंट

Requirment- Bhandari Saaj & Associates, Chartered Accountants Office Address: 431, 4th Floor Magneto Offizo, Labhandi, Ripur Contact No: 9827168181. Requirement: 1. Chartered Accountants- Min 2Years Experience in Statutory audits, Income Tax,TDS and GST Compliances, 2. Audit Assistant- Min 2 Year Experience in Accounting, Income Tax TDS and GST Compliances (RO-6612)

### मिल कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुरा चौक स्थित तेल मिल मे काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। **संपर्क करें- रायपुरा चौक. रायपुर मोबाइल नंबर** 8839105162. (RO-398)

### ड्राइवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है लोकल आदमी को प्राथमिकता लाइसेंस पुराना होना चाहिए रायपुर लोकल चलना है ऑटोमेटिक गाड़ी चलाना आता हो एंड्राइड मोबाइल हो **संपर्क- मो.-** 8319254400, 9329578999, 8319739726. **तेलीबांधा रायपुर** (RO-187)

### आफिस कार्य

**आवश्यकता है-**JOB JOB JOB ऑफिस कार्य हेतु लड़कियां एवं लड़कों की आवश्यकता वेतन 10,000 से 15,000 **ऑफिस ऐड्रेस संतोषी नगर बोरिया चौक के पास** 7879020825. (RO-6613)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है । वेतन योग्यतानुसर **कॉल / मेसेज 79998-47673 समय 12 से 5 तक** (आरो नं.-244)

### कंप्यूटर आपरेटर

**आवश्यकता है-** ट्रैक्टर पाट्‌र्स शॉप में पैकिंग कार्य एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर 9826129026, 9303529026.** (RO-0370)

**आवश्यकता है-** ट्रांसपोर्ट ऑफिस में (सुपरवाइजर) ट्रांसपोर्ट / लॉजिस्टिक्स फील्ड अनुभव आवश्यक जिम्मेदारीः गाड़ियों का संचालन, ड्राइवर मैनेजमेंट, रूट मॉनिटरिंग (कंप्यूटर ऑपरेटर) Data Entry योग्यताः बेसिक कंप्यूटर नॉलेज (MS Excel, Word आदि)- जिम्मेदारीः डेटा एंट्री, रिपोर्ट तैयार करना कार्य स्थलः Hamara Transport Co., Near Head Post Office, Durg वेतनः अनुभवानुसार **अतिशीघ्र संपर्क - 9329021777, 7879665758** (आरो नं.-241)

### टीचर/आयाबाई

**आवश्यकता है-** नर्सरी, P.P.1, P.P.2 , और क्लास 1 को पढ़ाने के लिए टीचर और आया बाई की आवश्यकता है। **सम्पर्क** S.S.P.S.Kids Academy **फेस 4 कबीर नगर रायपुर** 9406250678. (RO-186)

### सुपरवाइजर/पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर एवं पैकिंग कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। **पता अशोक इंटरप्राइजेस आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 7:00 मो.** 8770676924.(RO-188)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए (पार्टटाइम / फुलटाइम) सेल्सगर्ल एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। योग्यता 10वीं पास संपर्क करें- समय-10.30 से 01.30 **नाहर मेडिकल स्टोर्स सिविक सेंटर, भिलाई 94252-42747** (आरो नं.-243)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** आयुर्वेदिक कंपनी को शिक्षित बेरोजगार महिला / पुरुषों की आवश्यकता है, घर बैठे दवाई पैकिंग करके 20000/- से 25000/- प्रतिमाह कमाएं, Noc चार्ज 2150/-. **संपर्क करें 8102167794.** (RO-48960)

### खना मिस्त्री/हेल्पर

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने, बर्तन धोने के वाले चाहिए। रहने, खाने की सुविधा। **सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.**(RO-40372)

**Property**
**प्रापर्टी**

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** डबल रोड प्लॉट बेचना है, 50x80 =4000 वर्गफुट, डायवर्टेड **प्लॉट डॉ. खेमका अस्पताल के पीछे, साईं नगर, जेल रोड रायपुर** 9425073660. (RO-0359)

### जमीन

**जमीन बेचना है-** परसबोड जिला- राजनांदगांव में 6 एकड़ 38 डिसमिल (गोड, ST ), घर, 2 बोर, बिजली, फैसिंग है। 20 लाख प्रति एकड़, 5 एकड़ मे तालाब निर्मित बेचना है। **संपर्क:-74411-51012** (आरो -10424)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## जैकेट के शेष

### रेड कॉरिडोर से राहत तक...

थाना को लूटकर पूरे प्रदेश में दहशत फैला दी। अविभाजित राजनांदगांव जिले में एसपी व्हीके चौबे सहित 28 जवानों की शहादत के बाद पुलिस और केंद्रीय फोर्स ने निर्णायक जंग का ऐलान कर कई नक्सलियों को मार गिराया।

### देश में नहीं लगेगा ...

समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं संयुक्त निर्णय लेने का आह्वान किया, ताकि प्रतिक्रियाएं त्वरित और सुव्यवस्थित हों। पश्चिम एशिया की स्थिति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इसी तरह की वैश्विक बाधाओं से निपटने का पूर्व अनुभव है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान की गई सामूहिक प्रतिक्रिया को याद किया, जब केंद्र और राज्यों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार और दैनिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए साथ मिलकर काम किया था।
मोदी ने कहा कि सहयोग और समन्वय की यही भावना वर्तमान स्थिति से निपटने में भारत की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थिति लगातार बदल रही है, जिसके लिए निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि तीन मार्च से एक अंतर-मंत्रालयी समूह कार्यरत है, जो प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा कर रहा है और समय पर निर्णय ले रहा है।

### पेट्रोल, डीजल पर टैक्स घटा...

पर इसे 10 रुपए से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपए का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के 'अप्रत्याशित लाभ' (विंडफॉल टैक्स) पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। 'अप्रत्याशित मुनाफा' उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है। इस कर को दिसंबर 2024 में हटा लिया गया था, जिसे अब दोबारा लागू किया गया है। हालांकि, पिछली बार के विपरीत ओएनजीसी जैसी घरेलू कच्चा तेल उत्पादक कंपनियों पर कोई अप्रत्याशित लाभ कर नहीं लगाया गया है। सालाना 175 अरब लीटर ईंधन की बिक्री (115 अरब लीटर डीजल और 60 अरब लीटर पेट्रोल) को देखते हुए, इस शुल्क कटौती का राजकोषीय प्रभाव सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपए होगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसकी अधिकांश आपूर्ति 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के रास्ते होती है, जो वर्तमान में बाधित है। **मंत्री बोले-सरकार ने खुद उठाया बोझ :** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि दुनिया भर में उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। सरकार के पास दो ही विकल्प थे - या तो कीमतों में भारी बढ़ोतरी की जाए या फिर अपने वित्त पर इस बोझ को खुद सहा जाए। पुरी ने कहा, सरकार ने राजस्व पर पड़ने वाले बोझ स्वयं उठाने का निर्णय किया है ताकि इस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आसमान छूती कीमतों के बीच तेल कंपनियों के भारी नुकसान को कम किया जा सके।

### एक मंडप, एक दूल्हे ने...

ब्लॉक के ग्राम बैलगांव निवासी हितेश यादव है, जो कि खेती किसानी करता है। उसकी पहली पत्नी शंकरपुर की रहने वाली फुलबती और दूसरी पत्नी बनियागांव गांव की यामिनी है।

## पेज एक के शेष

### घाटे की कड़वाहट में डूबे...

हैं। हालांकि इस बार कारखानों से शक्कर की बहुत कम मात्रा में आपूर्ति हुई है।
**राशन दुकानों में एक बार के बाद दूसरी बार भंडारण नहीं :** शक्कर का उत्पादन में आई भारी गिरावट के कारण राशन दुकानों में भी नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भी शक्कर का भंडारण एक बार ही किया जा रहा है। कुछ दुकानदारों ने विभाग के अधिकारियों के भय से नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मार्च महीने के लिए 15-15 क्विंटल शक्कर भंडारण करने के लिए डीडी जमा कराए थे, लेकिन 6 क्विंटल ही भेजा गया। वितरण में 10 दिनों में ही शक्कर खत्म हो गई। इसके बाद शेष शक्कर का भंडारण करने के लिए दोबारा मांग की गई, तो उनके द्वारा यह कह दिया गया कि जिस दुकान में शक्कर नहीं पहुंची है, पहले वहां पहुंचाई जाएगी। एक दुकानदार ने बताया कि बार-बार मांग करने पर सिर्फ 2 क्विंटल शक्कर ही भेजी गई है, जबकि 50 प्रतिशत हितग्राहियों को अब तक शक्कर वितरण हो नहीं पाया है।

### करोड़ों रुपए के घाटे में चल रहे...

का घाटा हो रहा है। विभाग से मिला आंकड़ा बताता है कि पिछले तीन वर्ष में इन कारखानों के संचालन में शासन को 267 करोड़ 40 लाख रुपए का घाटा हुआ है। औसत निकालें, तो हर वर्ष 89 करोड़ रुपए की हानि हो रही है।

### अंबिकापुरः मां महामाया सहकारी शक्कर...

हुआ था। इस साल गन्ने की आवक इतनी अधिक कम हो गई कि कारखाना दो महीने भी नहीं चल सका। शक्कर कारखाने की क्षमता प्रतिदिन 2500 मीट्रिक टन गन्ना पेरने की है लेकिन इस बार पूरे सीजन में मात्र 1.99 लाख टन गन्ने की पेराई हो सकी। गन्ने की कम आवक होने के कारण कारखाना कभी चार घंटे तो कभी आठ घंटे तक ही चल सका। इधर पेराई सत्र पूरा होने के बाद कारखाना प्रबंधक कर्मचारियों की वेतन राशि से किसानों को गन्ने का भुगतान कर रहा है जिसके कारण पिछले तीन महीने से कर्मचारियों का वेतन भुगतान लंबित पड़ा है। वित्तीय संकट के निराकरण के लिए कारखाना प्रबंधन ने शासन से अग्रिम राशि भुगतान करने की मांग की थी जो अब तक पूरी नहीं हो सकी है। प्रबंधन पूंजीगत व्यय कृषि उपज मंडी से कम ब्याज पर ऋण लेने की भी पेशकश कर रहा है।अभी किसानों को पूरे गन्ने का भुगतान नहीं हो सका है जिससे आगे भी वित्तीय संकट के जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। पूर्व में नागरिक आपूर्ति निगम अग्रिम भुगतान कर राशन के शक्कर का उठाव करता था। पर अब अग्रिम राशि तो दूर एक महीने बाद भी खरीदे गए शक्कर की पूरी राशि का भुगतान नहीं कर रहा है, जिससे समस्या लगातार बढ़ते जा रही है।

### शक्कर कारखाने से ही आपूर्ति बाधित...

आबंटन जारी होने की संभावना है। मार्च का महीना अब समाप्त होने को ही है, लेकिन जिले की कई राशन दुकानों में अब तक शक्कर पहुंच ही नहीं पाई है। दुकानों में शक्कर लेने पहुंच रहे राशन कार्डधारियों को लगातार निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम के अनुसार बिलासपुर जिले में शक्कर की सप्लाई कवर्धा के भोरमदेव शक्कर कारखाने से होती है। भोरमदेव शक्कर कारखाने में गन्ने की नई फसल से शक्कर का उत्पादन प्रारंभ किया गया है, जिससे उत्पादन में थोड़ा विलंब हो गया। उत्पादन में विलंब होने के प्रभाव से नान को ही समय पर आबंटन प्राप्त नहीं हो सका। ऐसी हालत में सारे राशन दुकान भी शक्कर का आबंटन प्राप्त करने से वंचित रहे। जिले में राशन दुकानों की कुल संख्या 697 है, जिनमें से 675 दुकानों को शक्कर का आबंटन जारी किया जा चुका है। केवल 22 दुकानें ही शेष हैं, जहां अब तक शक्कर नहीं पहुंची है। इन 22 दुकानों में नौ दुकानें बिलासपुर शहर की हैं, वहीं 8 दुकानें कोटा, 3 दुकानें बिल्हा व 2 दुकान जयरामनगर की हैं। नान के अनुसार शक्कर की खेप अब नियमित रूप से पहुंच रही है, जिससे एक से दो दिनों के भीतर राशन दुकानों का लंबित आबंटन जारी हो जाने की संभावना है।

### तरबूज के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे एक...

पुलिस ने इनसे 2 क्विंटल 25 किलोग्राम गांजा जब्त कर 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक पिकअप वाहन क्रमांक ओडी15 वी 4676 में अवैध गांजा लाया जा रहा है। उसकी पायलटिंग एक हुण्डई औरा कार (यूपी 96 क्यू 3658) द्वारा की जा रही है। सूचना की तस्दीक के लिए टीम ने एनएच-53 के रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की। कुछ ही देर बाद एक हुंडई औरा कार आती दिखी, जिसके पीछे संदिग्ध पिकअप वाहन भी नजर आई। दोनों वाहनों को रोककर जांच की गई। कार में चार लोग सवार थे। जबकि, पिकअप में दो व्यक्ति बैठे थे, जिनमें चार आरोपी उत्तरप्रदेश और दो आरोपी मध्यप्रदेश के निवासी पाए गए। पिकअप वाहन की तलाशी में तरबूज से भरी गाड़ी के नीचे प्लास्टिक की बोरियों में छिपाकर रखा गांजा मिला। आरोपियों ने बताया कि वे इस गांजा को ओडिशा के संबलपुर से उत्तरप्रदेश के चित्रकूट ले जा रहे थे।

### ईरान ने थैंक्स इंडिया लिखकर...

भी ईरान ने कई अन्य देशों को भी धन्यवाद किया है। एक मिसाइल पर जर्मनी, पाकिस्तान, स्पेन जैसे देशों के लिए ऐसे ही संदेश लिखे गए हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें सफेद रंग की मिसाइल पर भारत के लोगों का धन्यवाद लिखा हुआ है। ईरान की इस्लामिक रेवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि उसने शुक्रवार को इजरायल पर 83वां हमला किया है। इसमें लंबी और मीडियम रेंज की मिसाइलें, ड्रोन आदि को इजरायल के मिलिट्री सुविधाओं पर छोड़े गए। इसके अलावा, खाड़ी देशों पर भी ऐसी ही मिसाइलें ईरान ने दागी हैं।

### करंट की चपेट में आने से मादा भालू सहित...

बताया जाता है कि एक मादा भालू अपने दो नन्हें शावकों के साथ जंगल में विचरण कर रहा था। इसी दौरान विद्युत प्रवाहित 11 केवी तार के संपर्क में आ जाने से मादा भालू और उसके दोनों शावकों की मौत हो गई है। एक साथ तीन भालुओं की मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग में भी हड़कंप मच गया और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की बारीकी से जांच की गई। मामले में पशु चिकित्सकों की टीम ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को अंतिम संस्कार कर दिया है। वन विभाग की टीम ने मामले की प्रारंभिक जांच की है जिसके उपरांत वन विभाग ने पाया है कि ग्राम सखोदा परिसर में 11केवी की लाईन स्थापित की गई थी जो उक्त लाईन बिना पूर्व अनुमति के स्थापित की गई है उक्त प्रकरण में वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन हुआ है जिसपर वन विभाग ने लाईन मेन राम प्रताप के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर छग राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने भी लाईन मेन के खिलाफ कार्यवाही को गलत बताते हुए कलेक्टर से मामले की लिखित शिकायत की है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में घमासान, लहराई गई खामेनेई की तस्वीर

# मोदी के खिलाफ नारे, राहुल को कहा 'पप्पू' भाजपा-कांग्रेस विधायकों में हाथापाई



एजेंसी ▶▶। जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत शुक्रवार को बेहद हंगामेदार रही। सदन के भीतर राजनीतिक तनातनी इस कदर बढ़ गई कि विभिन्न दलों के विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेस व भाजपा विधायकों के बीच नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। सत्र की शुरुआत में ही सदन का माहौल तब गरमा गया जब कुछ विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आक्रामक नारेबाजी शुरू कर दी। वीडियो में 'नरेंद्र मोदी हाय-हाय' और 'मुर्दाबाद' के नारे सुने जा सकते हैं। कांग्रेस विधायकों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारे लगाए जाने के बाद, कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज लोन और भाजपा विधायक युधवीर सेठी के बीच झड़प हो गई। नारों के विरोध में भाजपा के विधायक अपनी सीटों से उठ खड़े हुए और कड़ी आपत्ति जताने लगे। जवाब में भाजपा विधायक युधवीर सेठी ने कहा, 'राहुल गांधी पप्पू हैं।'

### मार्शलों को करना पड़ा बीच-बचाव

नारेबाजी के बीच कांग्रेस और भाजपा के विधायक एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई विधायक अपनी सीटों से उठकर पीछे तक पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई जैसी स्थिति पैदा हो गई। इस दौरान कुछ सदस्यों द्वारा कागजात भी फाड़कर उछाले गए। स्थिति को नियंत्रण से बाहर जाता देख विधानसभा के मार्शलों और सुरक्षाकर्मियों को तुरंत हस्तक्षेप करना पड़ा। मार्शलों ने बीच में आकर दोनों पक्षों के विधायकों को शारीरिक रूप से दूर किया और बमुश्किल हालात को संभाला।

### एनसी विधायकों का ईरान इजरायल विवाद पर प्रदर्शन

इस हंगामे से ठीक पहले, सदन में अंतरराष्ट्रीय मुद्दों की गूंज भी सुनाई दी। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के विधायकों ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को लेकर सदन के भीतर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की तस्वीर लहराकर उनकी हत्या के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारे लगाए।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का अहम फैसला

# 'शादीशुदा पुरुष का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना अपराध नहीं'

एजेंसी ▶▶। प्रयागराज



लिव इन रिलेशनशिप को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाई कोर्ट का कहना है कि शादीशुदा पुरुष का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना कोई अपराध नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक नैतिकता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के कोर्ट के कर्तव्य पर हावी नहीं हो सकती। कोर्ट का यह फैसला एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया है, जिसमें लिव इन में रह रहे शादीशुदा कपल ने सुरक्षा की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि कपल को महिला के परिवार से धमकियां मिल रही हैं। महिला के परिवार के वकील ने दलील दी कि चूंकि वह व्यक्ति पहले से शादीशुदा है। इसलिए किसी दूसरी महिला के साथ रहना उसके लिए एक अपराध है। हालांकि, कोर्ट ने टिप्पणी की कि कानून को सामाजिक, नैतिकता से अलग रखा जाना चाहिए। 'ऐसा कोई अपराध नहीं है जिसके तहत कोई शादीशुदा व्यक्ति, किसी वयस्क के साथ आपसी सहमति से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है। ऐसे व्यक्ति को किसी भी तरह के अपराध के लिए अभियोजित किया जा सके।' हाई कोर्ट ने कहा कि यदि कानून के तहत कोई अपराध नहीं बनता है, तो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कोर्ट की कार्रवाई को सामाजिक राय और नैतिकता निर्देशित नहीं करेगी।

### कपल ने मांगी थी सुरक्षा

कोर्ट ने कहा कि महिला ने एसएसपी शाहजहांपुर को पहले ही एक एप्लीकेशन दी है, जिसमें कहा गया है कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से उस आदमी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। कोर्ट ने यह भी कहा कि उसके माता-पिता और परिवार के दूसरे सदस्य उनके रिश्ते के खिलाफ हैं।

हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष कोर्ट में दी गई चुनौती

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट



**इलाहाबाद।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम मामले में अग्रिम जमानत दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। यह अपील मामले के शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने दायर की है। उन्होंने उच्च न्यायालय के 25 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उच्च न्यायालय ने स्वामी के खिलाफ आरोपों की गंभीरता पर पर्याप्त विचार नहीं किया। याचिका में यह भी कहा गया है कि सरस्वती मामले के गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को अग्रिम जमानत दी थी।


**कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.)**
Email: nagarpanchayatgurur@gmail.com, Phone No: 07749-299800,

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण प्रथम सूचना :-

Main Portal: http: eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /1902/लो.नि.वि./ ई-निविदा/2025-26, गुरूर, दिनांक 25.03.2026

नगर पंचायत गुरूर अधोसंरचना मद तहत निम्नानुसार कार्य के लिये छ.ग. के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जारी प्रभावशील दर अनुसूची अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु दिनांक 20.04.2026 तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | टेण्डर सिस्टम नम्बर | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू.में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रभावशील दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1 | नया तालाब सौंदर्यीकरण कार्य | 188053 | 106.52 | 80,000.00 | स एवं उच्च वर्ग | 11 माह | यथा संबंधित छ.ग. लो.नि.वि. के भवन एस.ओ. आर. 2015, रोड एस.ओ.आर. 2025, E&M एस.ओ.आर. 2020 (अद्यतन संशोधित) अनुसार पी.एच.ई. एस.ओ.आर 2020 |

उपरोक्त कार्य का निर्धारित अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल Main portal:eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना मात्र विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रसारित नही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुरूर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./692/निविदा/लो.नि.वि./2026, भिलाई चरौदा, दिनाँक 25.03.2026

// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | वार्ड क्र. 01 ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में डोमशेड निर्माण कार्य | 187889 | रू. 15.00 | 20-04-2026 |
| 2 | वार्ड क्र. 06 उमदा में त्रिसंगम चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 187895 | रू. 10.00 | 20-04-2026 |
| 3 | वार्ड क्र. 07 विश्व बैंक कॉलोनी में अंजनेय नगर में नाली एवं पुल निर्माण कार्य | 187896 | रू. 19.99 | 20-04-2026 |
| 4 | वार्ड क्र. 09 शीतला पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 187898 | रू. 10.00 | 20-04-2026 |
| 5 | वार्ड क्र. 09 शीतला पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 187899 | रू. 15.00 | 20-04-2026 |
| 6 | वार्ड क्र. 14 नेहरु नगर में स्वामी आत्मानंद (अंग्रेजी माध्यम) में डोमशेड निर्माण कार्य | 187903 | रू. 15.00 | 20-04-2026 |
| 7 | वार्ड क्र. 15 बजरंग पारा में उत्कल पारा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 187904 | रू. 15.00 | 20-04-2026 |
| 8 | वार्ड क्र. 15 बजरंग पारा में शिवधाम के पास उद्यान निर्माण कार्य | 187905 | रू. 24.92 | 20-04-2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तों के तहत दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाँक 22.04.2026 समय सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है।


"प्रकृति को क्षति न पहुंचाएं, वृक्ष लगायें पर्यावरण शुद्ध बनायें"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा


## राशिफल


**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।


**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।



**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।


**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।


**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।



**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।


**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# किसानों के लिए राहत की खबर उर्वरक भंडार पर्याप्त : नड्डा

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली



केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने आश्वासन दिया कि पश्चिम एशिया संघर्ष जारी रहने के बावजूद देश में उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति है। शुक्रवार को लोकसभा में पश्चिम एशिया संकट के उर्वरक उपलब्धता पर प्रभाव से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार के पास पर्याप्त उपलब्धता है, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में कहा, 'किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए भारत के पास पर्याप्त भंडार है, घबराने की जरूरत नहीं है।' प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह भी बताया कि उनकी इस विषय पर प्रदेशों के कृषि मंत्रियों से बात हुई है। नड्डा ने कहा, 'मैं सरकार की तरफ से देश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जहां तक उर्वरक का सवाल है तो सरकार ने इसकी पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।' मंत्री ने कहा, 'मैंने कल ही सभी कृषि मंत्रियों से बात की है और सबसे कहा है कि जो अफरा-तफरी पैदा की जा रही है, उसकी कोई जरूरत नहीं है।

### रेंज वाली ब्रह्मोस क्रूज-मिसाइल खरीदेगी सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना 800 किमी से ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है। फिलहाल सेना के पास 450 किमी तक मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस मिसाइल मौजूद है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर देने की योजना बना रही है। रक्षा मंत्रालय की बैठक में इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिल सकती है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
विविध कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा संख्याः–761–अनूपपुर–ई.आई. दिनांकः 25.03.2026.
कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनूपपुर स्टेशन के यार्ड में इंजीनियरिंग अर्थवर्क के लिए एस एंड टी केबल्स क्लीयरेंस, यार्ड रीमॉडलिंग कार्य और नई वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के स्थापना/परीक्षण/कमीशनिंग का कार्य करना है।
निविदा मूल्य : ₹ 27,25,06,632.31/- (रुपये सताईस करोड़ पचीस लाख छः हजार छः सौ बतीस रुपए और एकतीस पैसे मात्र)।
अमानत राशि : ₹ 54,50,200/- (रुपये चौवन लाख पचास हज़ार दो सौ मात्र)। निविदा बंद करने का समय : 16:00 बजे दिनांक 17.04.2026।
विस्तृत जानकारी ई–निविदा में पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता निर्माण बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.IREPS.gov.in पर उपलब्ध हैं उससे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।
उप मुख्य सिग. एवं दूर. इंजी./निर्माण
सीपीआर/10/787 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail


## शब्द पहेली - 6178



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 6177 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6188

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6187 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# ईरान वॉर की टीवी, एसी व वाशिंग मशीन पर दोहरी मार, 15 फीसदी तक हुए महंगे

**युद्ध के झटके आम आदमी की जिंदगी को हर मोर्चे पर झकझोर रहें हैं, कच्चे माल की कमी से उत्पादक कंपनियां जूझ रही है**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गैस सिलेंडर की किल्लत से लेकर अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स तक पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के झटके आम आदमी की जिंदगी को हर मोर्चे पर झकझोर रहे हैं। दिल्ली में स्थित एशिया की सबसे पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार ओल्ड लाजपत राय मार्केट में जाकर जमीनी हकीकत टटोली। यहां टीवी से लेकर वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर तक के दाम अब अचानक से आसमान छू रहे हैं।

### आसमान छू रहे इलेक्ट्रोनिक्स की कीमत

नागपाल ने कहा, "यहां इस मार्केट में 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट्स भी बिक रहे हैं, लेकिन उन प्रोडक्ट्स के रॉ मटेरियल की कमी से अब इलेक्ट्रॉनिक गुड्स में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। चाहे वो एलईडी टीवी हो, ऑडियो सिस्टम, वॉशिंग मशीन, फ्रिज या फिर एसी हर चीज पर असर पड़ा है और अभी तो ये सिर्फ शुरुआत है। असली झटका 1 अप्रैल के बाद आएगा आम जनता पर।" नागपाल ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि, "मेरा माल अगर चीन, ताइवान या दुबई में पड़ा है तो उसे लाने का खर्चा पहले 2 लाख रुपए कंटेनर आता था जो अब 3 लाख रुपए में आ रहा है। इसकी प्रभावी लागत सीधे जो सामान आ रहा है उस पर पड़ रही है।



**ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बढ़ा :** बाजार के वाइस प्रेसिडेंट सुरेंद्र आडवाणी ने कहा, 'हमारे कंटेनर अब युद्ध क्षेत्र से बड़ी मुश्किल से घूम-घूम कर आ रहे हैं। ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बढ़ गया है। पीछे से आने वाला माल महंगा पड़ रहा है। 65 इंच का टीवी जो 28 हजार में बिकता था, अब 32 हजार का हो गया है।

### 32 इंच टीवी 5700 से बढ़कर 6400 रुपए

इसी मुद्दे पर बात करते हुए एक दुकानदार अरुण तुली ने बताया, "हमारे पास 24 इंच से लेकर 100 इंच तक के टीवी हैं और हर साइज के टीवी के दाम अब बढ़ गए हैं। अभी तो युद्ध का असर और बढ़ेगा। प्लास्टिक के दाने और कॉपर के भाव भी आसमान छू रहे हैं, जिसकी वजह से एयर कंडीशनर तो और भी महंगे हो गए हैं। अगर युद्ध लंबा चला तो अभी 10-15 प्रतिशत की और बढ़ोतरी होने उम्मीद हैं।"

बाजार के अध्यक्ष संजय नागपाल ने बातचीत में साफ कहा कि, "युद्ध के साइड इफेक्ट्स सिर्फ युद्ध में शामिल देशों तक सीमित नहीं रह गए है। हम जैसे तटस्थ देशों पर भी असर पड़ना शुरू हो गया है। हमारी इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में सबसे बड़ी जरूरत चिपसेट की होती है, जो अभी भी इंपोर्ट होती है। लेकिन इस युद्ध के चलते एयर और सी शिपमेंट दोनों होल्ड पर हो चुके हैं। यहां फैक्टरियां कच्चे माल की किल्लत से अब जूझ रही हैं।"

## डीजल और एफटीए पर उत्पाद शुल्क से 1,500 करोड़ की होगी आय

# ईंधन शुल्क में बदलाव : सरकारी खजाने पर 15 दिन में 5,500 करोड़ रुपए का बोझ

**पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपए प्रति लीटर होगा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क कटौती और विमान ईंधन (एटीएफ) तथा डीजल के निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में शुद्ध रूप से 5,500 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा।

**सीबीआईसी के चेयरमैन चतुर्वेदी ने बताया**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को बताया कि उत्पाद शुल्क में कटौती से करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा, जबकि डीजल तथा एटीएफ के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में 1,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

### कर 26 मार्च से प्रभावी

उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपये प्रति लीटर होगा। इसमें 1.40 रुपये मूल उत्पाद शुल्क, तीन रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, 2.50 रुपये कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर और पांच रुपये सड़क अवसंरचना उपकर शामिल है। डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 26 मार्च से प्रभावी रूप से क्रमशः 21.5 रुपये प्रति लीटर और 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। इन दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाएगी।




### घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना

चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क लगाने का उद्देश्य " डीजल व एटीएफ की घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से बढ़ी वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।"

### अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में तेज उछाल

किसी भी (राजस्व) प्रभाव का आकलन देश में आने वाली वस्तुओं की वास्तविक आपूर्ति को ध्यान में रखकर ही करना होगा। पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क में यह कटौती अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेज उछाल के कारण तेल कंपनियों को हुए रिकॉर्ड नुकसान के बाद की गई है।

### उद्देश्य आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़े

चेयरमैन ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की कम वसूली (अंडर-रिकवरी) को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़ें। चतुर्वेदी ने कहा, स्थिति गतिशील है।

### कच्चे तेल की कीमत इस माह 50 फीसदी बढ़ी

पेट्रोल और डीजल बनाने के कच्चे माल कच्चे तेल की कीमत इस महीने लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले तथा तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई से वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है। तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने के बावजूद पेट्रोल पंप पर कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

### तेल कंपनियों का रिकॉर्ड नुकसान हुआ

इससे तेल कंपनियों को रिकॉर्ड नुकसान हुआ, जिसका असर उनके कार्यशील पूंजी पर भी पड़ने लगा था। इस महीने की शुरुआत में ईरान युद्ध के तेज होने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा

**समाप्त सप्ताह में भंडार घटकर 698.346 अरब डॉलर पर**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं।



डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया।

### आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार बढ़ा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.63 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार इस दौरान 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.83 अरब डॉलर हो गया।

## खबर संक्षेप



### आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 65,322 करोड़ डाले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में छह दिन की वैरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिये 65,322 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआई की बैंकों में अल्पकालिक नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है।

### ओला इलेक्ट्रिक वाहन 50 हजार रुपए से उपलब्ध



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने 'एंड आईसीई एज' अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार को तेजी से बढ़ावा देना है। कंपनी ने बताया कि इस अभियान के तहत वह अपने एस1 एक्स (2 किलोवाट घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट घंटा) मॉडल की शुरुआती कीमत 49,999 रुपये रख रही है। इसके साथ ही पूरे उत्पाद समूह पर 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं।

### ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदा: रिलायंस




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसने ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदा है। रिलायंस ने बयान में ईरान से तेल खरीदने की खबरों को पूरी तरह निराधार और गलत बताया। कंपनी ने कहा कि वह 'ईरान से कच्चे तेल की खरीद से संबंधित हाल के मीडिया रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज करती है।' रिलायंस ने कहा कि कंपनी ने अमेरिका के ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने के बाद से उसने ईरान से कच्चा तेल नहीं खरीदा है। ये प्रतिबंध ईरान-इजराइल युद्ध के बाद कीमतों पर पड़े दबाव को कम करने के लिए हटाये गए हैं।

### अल्ट्राटेक ने जयप्रकाश के साथ विवाद सुलझाया




**नई दिल्ली।** प्रमुख सीमेंट विनिर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने डल्ला सुपर यूनिट और संबंधित खानों को लेकर जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के साथ मध्यस्थता विवाद का निपटारा कर लिया है। अल्ट्राटेक सीमेंट ने यह जानकारी दी। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थित डल्ला सुपर यूनिट और खानों के लिए एस्क्रो खाते में रखे गए 1,00,000 विमोच्य तरजीही शेयर (सीरीज ए आरपीएस) जिनमें प्रत्येक का अंकित मूल्य 1,00,000 रुपये था।

### सरकार ने बढ़ाई वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस्पात और वाहन क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अब कुल कोटा बढ़कर युद्ध शुरू होने से पहले की मांग के 70 प्रतिशत स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति में इस्पात, वाहन, कपड़ा, रंग, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए।

## टेक महिंद्रा का बुनियादी ढांचे के लिए आईआईटी बॉम्बे से करार

**मुंबई।** टेक महिंद्रा ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने की घोषणा की। इसके तहत सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी आईआईटी के जिमखाना बिल्डिंग में 'स्मार्ट' बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से 3डी डिजिटल ट्विन बनाएगी।कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी का लक्ष्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों के जरिए बुनियादी ढांचे का विकास करना और संस्थान के भीतर नवाचार की गति को तेज करना है।

**बिजनेस साइट**

## रायपुर के डॉ. रवि जायसवाल ने स्पेन में लहराया परचम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चिकित्सा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय सामने आया है। रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल ने स्पेन के प्रतिष्ठित बार्सिलोना क्लिनिक में क्लिनिकल ऑब्जर्वरशिप प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस उपलब्धि को प्रदेश में कैंसर उपचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति माना जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उनका मुख्य फोकस न्यूरो-ऑन्कोलॉजी और जटिल ब्रेन ट्यूमर के आधुनिक उपचार पर रहा। उन्होंने पर्सनलाइज्ड मेडिसिन, मॉलिक्यूलर प्रोफाइलिंग और टार्गेटेड थैरेपी जैसी उन्नत तकनीकों में विशेषज्ञता हासिल की, जो पारंपरिक उपचार



पद्धतियों की तुलना में अधिक प्रभावी मानी जाती हैं।

## सीसीएन एंटरटेनमेंट की एक और ब्रांच राजधानी रायपुर में

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सीसीएन एंटरटेनमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक और कदम बढ़ा रहा है, जहां नई ब्रांच की शुरुआत राजधानी रायपुर में हुई, जिसका शुभारंभ 27 मार्च दिन शुक्रवार को हुआ जहां एंटरटेनमेंट की दुनिया में सीसीएन एक अलग ही छाप पहले ही छोड़ चुका है, जहां बीते 4 दशकों से दर्शकों के लिए एंटरटेनमेंट के रूप में एक अलग ही पहचान बना चुका है। सीसीएन एक ब्रांड नेम है, जिन्होंने डिजिटल युग कि शुरुआती समय में राजधानी रायपुर में डिजिटीलाइजेशन का काम शुरू किया। डायरेक्टर अशोक अग्रवाल कुशल नेतृत्व क्षमता रखने वाले अनुभवी डायरेक्टर है, जिन्होंने



छत्तीसगढ़ के केबल व्यवसायियों को एक नई ऊर्जा दी है। इस बार एक छत के नीचे संपूर्ण पैकेज लेकर सीसीएन नए कलेवर के साथ पुनः दर्शकों की सेवा के लिए संकल्पित है, जिसका शुभारंभ रामनवमी के अवसर पर हुआ। राजधानी रायपुर के हृदय स्थल तेलीबांधा चौक के निकट छठवें फ्लोर अटलांटिस लालबाग के पास स्थित है आज केबल व्यवसाय और केबल से जुड़े व्यवसायियों को एक नई ऊर्जा देने के लिए संकल्पित सीसीएन ब्रॉडबैंड, ओटीटी, आईपीटीवी, केबल और न्यूज के माध्यम से हर घर तक अपनी पहुंच बना चुका है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग**
**मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)**
Email-ee.pwd-mmac@cg.gov.in, eepwdmmac2025@gmail.com
Phone No. 077472-9644

ज्ञापन क्रमांक/835/ व.ले.लि./1403/2025-26 मो.मा. चौकी दिनांक 25/03/2026

**भाव पत्र संशोधन सूचना**

इस कार्यालय का ज्ञापन क्रं. 695/ व.ले.लि. / 2025-26 मो.मा.अं. चौकी, दिनांक 16.03.2026 एवं G.No. 252607216 / 1,2,3,4,5 के संदर्भ में आवश्यक अर्हताएं में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

1. 1 (एक) करोड़ रूपये का एकल कार्य का कार्यानुभव होना चाहिए के स्थान पर 50.00 लाख रूपये का एकल कार्य का कार्यानुभव होना चाहिए।
2. पिछले 5 वर्ष में किसी 1 वर्ष में 5 (पाँच) करोड़ का टर्नओव्हर होना चाहिए के स्थान पर पिछले 5 वर्ष में किसी 1 वर्ष में 1 (एक) करोड़ का टर्नओव्हर होना चाहिए ।

टीपः- शेष शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग
मोहला-मानपुर-अं.चौकी

G-252607435/3

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 03-11/ HR/SE(HR)-III/DSB./W-T-114/ 5520 Raipur Date: 25.03.2026

**TENDER NOTICE**

CSPGCL invites sealed bids from prospective bidders/contractors for the following works :-

| क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03-11/ HR / SE(HR)-III/ DSB/ W-T-114/5520 Dated 25.03.2026 | Digitization of Service book Record of employees of CSPGCL. | रु. 885/– वापसी योग्य नहीं (जीएसटी सहित) | रु. 27300/– वापसी योग्य |
| 2 | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | 15.04.2026 | 17:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की तिथि व समय | | 16.04.2026 | 15:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | | 16.04.2026 | 16:00 बजे |
| 5 | निविदा की संपूर्ण जानकारी हेतु कंपनी की वेबसाइट http://www.cspc.co.in/cspgcl/tender/ tendernotices /Central Offices से प्राप्त की जा सकती है । निविदा संबंधी किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी वेबसाईट पर ही उपलब्ध होगी। | | | |
| 6 | निविदा खोला जाना या रद्द करना कंपनी के क्षेत्राधिकार में आता है । | | | |

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (HR)
CSPGCL:RAIPUR

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006,
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000, Fax: 0771-2583794,
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st call)**
(e-Procurement Portal )

NIT No. 16/CSIDC/E.E./Division-IV/2025-26/System No. 187765 Raipur, dated 25.03.2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Goverment of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in 'Form-A' (Percentage Rate Basis) for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed including rainy season | P.A.C. (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of District Trade and Industries Centre at Seoni, Balod District-Balod (C.G.) | B & Above | 09 Months i/c rainy season | 231.35 Lacs | 1,16,000/- | 3540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 25/03/2026 and Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S-47320/1 Executive Engineer, Division- IV

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाइट देखें www.csidc.in

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति**
**शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)**
(दूरभाष क्र. 07762-220742 वेबसाईट www.gmcraigarh.edu.in
ई-मेल gmcraigarh.2013@gmail.com)

क्रमांक / शा.चि.म. / स्था./2026/3761 रायगढ़, दिनांक 25.03.2026

**-:: विज्ञापन-सूचना :-**

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के द्वारा विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षक एवं रेसीडेंट चिकित्सों के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशन तिथि उपरॉत दिनॉक 07.04.2026 से दिनॉंक 09.04.2026 तक "वॉक-इन-इन्टरव्यू" आयोजित किया जावेगा। महाविद्यालय की वेबसाईट www.gmcraigarh.edu.in पर चिकित्सा शिक्षक एवं रेसीडेंट चिकित्सकों की विभागवार रिक्तियों की जानकारी, संविदा वेतन तथा नियम एवं शर्तों की जानकारी उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति
चिकित्सा महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

G-252607414/2

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**
(Email-cmho_raipur@yahoo.co.in Ph-0771-2535304

क्रमांक / वाहन/सत्रह / 2026/10516 रायपुर, दिनांक 20/03/2026

**// निविदा आमंत्रण //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर के अधीन निम्नलिखित वाहनों को "जहां जैसी स्थिति में" नीलाम पश्चात विक्रय किये जाने हेतु मुहर बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है संबंधित वाहनों को कार्यालयीन दिवस में खड़ी लोकेशन पर तथा संबंधित वाहनों की जानकारी कार्यालय सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र. | वाहन खड़ी संस्था | वाहन का प्रकार | नग |
|---|---|---|---|
| 1 | शहरी. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मठपुरैना | 108 एम्बुलेंस | 14 |
| 2 | जिला क्षण नियंत्रण कालीबाड़ी रायपुर | 108 एम्बुलेंस | 06 |

निविदा फार्म नियम एवं शर्तों की जानकारी 200/- नगद जमा कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायपुर से निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि में दिनांक 23.03.2026 से दिनांक 02.04.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है दिनांक 04.04.2026 को अपरान्ह 3:00. जे तक पंजीकृत डाक से निविदा स्वीकार की जावेगी। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदायें दिनांक 06.04.2026 को अपरान्त 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों / उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। निधारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

टीप :- निविदा फार्म के साथ अमानत राशि रूपये 5000/- का बैंक ड्राफ्ट अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। नगद राशि स्वीकार योग्य नही होगें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला रायपुर (छ.ग.)

G-252607428/2

# टाइटल डिफेंड करने उतरेगी आरसीबी सीएसके, केकेआर-एमआई देंगे टक्कर

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी, जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

## आरसीबी को हेजलवुड और दयाल के बिना उतरना होगा मैदान में

आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे। आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा।



## सनराइजर्स के बैकअप विकल्प भरोसेमंद नहीं

*सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।*

## एमआई, सीएसके और केकेआर के पास 13 खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है।





## रो-को पर रहेगी नजर

इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं।

# मियामी ओपनः सबालेंका का दबदबा लगातार दूसरी बार फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶ मियामी

बेलारूस की टेनिस प्लेयर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सबालेंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ वह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की यह डब्ल्यूटीए टूर में 17वीं प्रतियोगिता और कुल 10वीं जीत है। सबालेंका 2023 और 2024 में रायबाकिना के बाद लगातार मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए वह 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।



- रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया
- खिताबी मुकाबले में अब गॉफ से भिड़ंत

## सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ दिखाया शानदार खेल

मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर खेल रही थीं। 4-5 से पिछड़ने के बाद सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड और ओवरहेड शॉट का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इस ब्रेक के दम पर वह पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहीं। दूसरे सेट में सबालेंका ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 4-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने अपने विरोधी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सेट के अंत में उन्होंने लव पर सर्व किया और टी-सर्व के साथ खेल खत्म किया।

## सबालेंका का विशेष मुकाम

सबालेंका इस सदी की चौथी खिलाड़ी हैं, जो अपने सीजन के पहले चार डब्ल्यूटीए इवेंट्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्टिना हिंगिस (2001), सेरेना विलियम्स (2003) और विक्टोरिया अजारेंका (2012) के नाम रहा है। इस तरह का प्रदर्शन उन्हें टेनिस की दुनिया में एक विशेष मुकाम दिलाता है।

## जेवरेव ने बनाई सेमीफाइनल में जगह



मियामी ओपन में जर्मनी के खिलाड़ी अलेक्जेंडर जेवरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ 27 साल के जर्मन खिलाड़ी ने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है, जो उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ जेवरेव ने सेरुंडोलो के खिलाफ लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस तरह उनका एटीपी में हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 4-3 हो गया है। जेवरेव अब अपना पूरा ध्यान इटली के टेनिस प्लेयर जैनिक सिनर के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर लगाएंगे। सिनर पिछले छह मुकाबलों में लगातार जीत हासिल करके जेवरेव के खिलाफ 7-4 से आगे हैं।

## खबर संक्षेप



### ह्यूस्टन ओपन में 11वें स्थान पर थीगाला

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थीगाला शानदार शुरुआत करते हुए टेक्सास चिल्ड्रन्स ह्यूस्टन ओपन के पहले दौरे के बाद 3-अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे। पॉल वारिंग पहले दिन के खेल के बाद बिना किसी बोगी के सात-अंडर 63 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येलामाराजू 1-अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर हैं।

### गोरखपुर में महिला रोइंग का शिविर शुरू



**नई दिल्ली।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए 51 दिवसीय राष्ट्रीय रोइंग शिविर गोरखपुर में शुरू हो गया। रामगढ़ झील स्थित जल क्रीड़ा परिसर में यह शिविर भारतीय रोइंग महासंघ के अनुरोध पर भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

### बेल्लारी में कबड्डी का अनुकूलन शिविर शुरू



**बेल्लारी।** नवीन कुमार, पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल और सोनाली विष्णु शिंगेट सहित पुरुष और महिला वर्ग के कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी इस वर्ष के आखिर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अनुकूलन शिविर में भाग ले रहे हैं। यह शिविर 2 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के विकास, फिटनेस, अनुकूलन और प्रदर्शन में उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान दिया जाएगा।

# आईपीएल 2026: पहले मैच में भुवनेश्वर के पास इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके पास आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में नया इतिहास रचने का मौका होगा। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें दो विकेट की जरूरत है।

**आईपीएल में 200 विकेट पूरे कर सकते हैं भुवनेश्वर**

आईपीएल 2026 के ओपनिंग मैच में सबकी नजरें अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर रहेंगी। वह आईपीएल में एक ऐसा रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं, जो अब तक कोई भी तेज गेंदबाज ने नहीं बना पाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सिर्फ 2 विकेट लेते ही वह आईपीएल इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। भुवनेश्वर कुमार ने अभी तक आईपीएल में 190 मैचों में 198 विकेट अपने नाम हैं। इस दौरान उन्होंने 2 बार पांच विकेट हॉल और 2 बार चार विकेट हॉल अपने नाम कर चुके हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

**युजवेंद्र चहल**: 174 मैचः 221 विकेट
**भुवनेश्वर कुमार**: 190 मैच : 198 विकेट
**सुनील नरेन**: 189 मैचः 192 विकेट
**पीयूष चावला**: 192 मैचः 192 विकेट
**आर अश्विन**: 221 मैचः 187 विकेट

# भारत ने जीते 10 पदक, कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया।

भारत ने रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए, जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे। भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा, जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे।



## कंबोज ने जीता पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक

उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया, जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की। इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की।

## तेजल ने व्यक्तिगत वर्ग में जीता कांस्य पदक

अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी ने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो , जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी। तीन सेट के बाद उन्होंने 118-117 के मामूली अंतर से एक अंक की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित की।

## गुरजंत ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम का हिस्सा रहे फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया।

भारत के लिए 2017 में पदार्पण करने वाले 31 वर्ष के गुरजंत ने 130 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 33 गोल किए। पिछले साल जून में आखिरी बार भारत के लिए खेलने वाले गुरजंत ने हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों के दौरान अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की। गुरजंत के नाम सबसे तेज अंतरराष्ट्रीय गोल का भारतीय रिकॉर्ड भी है। उन्होंने एफआईएच प्रो लीग 2020 में नीदरलैंड के खिलाफ 13 सेकंड में गोल दागा था। उन्होंने यह भी कहा कि वह घरेलू हॉकी और लीग खेलते रहेंगे लेकिन कोचिंग के बारे में अभी सोचा नहीं है। गुरजंत ने कहा,'मैंने पिछले जून के बाद से अंतरराष्ट्रीय हॉकी नहीं खेली है। इस साल हॉकी इंडिया लीग खेली और आगे भी खेलूंगा। लेकिन कोचिंग को लेकर अभी सोचा नहीं है।' गुरजंत ने कहा,' मैंने यहां मौजूद दिग्गजों को देखकर हॉकी खेलना शुरू किया था और उनके साथ भारत के लिए खेलने का मेरा सपना पूरा हुआ, जिसे मैं कभी भूल नहीं सकूंगा।'

# नवनीत और हार्दिक बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपए का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया। वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्ले पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच-पांच लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष) गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला।

- जफर इकबाल को नवाजा गया मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' से

**हॉकी इंडिया पुरस्कार**



# फ्रांस ने ब्राजील को दी शिकस्त




**फॉक्सबोरो।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।

# बोलिविया ने सूरीनाम को दी मात



**मॉन्टेरी।** मोइसेस पानिगुआ और मिगुएल टेरसेरोस ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे बोलीविया ने सूरीनाम को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग प्लेऑफ के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना इराक से होगा। एक अन्य मैच में स्ट्राइकर बेली कैडामार्टेरी के गोल की मदद से जमैका ने न्यू कैलेडोनिया पर 1-0 से जीत हासिल की और अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाई। उसे विश्व कप में जगह बनाने के लिए अब कांगो का सामना करना होगा। लियाम वैन गेलडेरेन ने 48वें मिनट में सूरीनाम को बढ़त दिलाई, लेकिन पानिगुआ ने 72वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया और टेरसेरोस ने 79वें मिनट में पेनल्टी किक पर विजयी गोल दागा। सूरीनाम पहली बार क्वालीफाई करने की कोशिश कर रहा था।

# इटली ने आयरलैंड को हराया



**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

Vedanta Medical Research Foundation
**BALCO Medical Centre**

8th YEARS ANNIVERSARY

# सेवा और समर्पण के 8 गौरवशाली वर्ष

## कैंसर के विरुद्ध जंग में अब हम और भी सशक्त

# मध्य भारत की अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी

## की सुविधा अब आपके शहर में



- बेहतर सटीकता
- न्यूनतम निशान
- तेज़ रिकवरी
- कम दर्द
- कम रक्तस्त्राव
- संक्रमण की कम आशंका

छत्तीसगढ़ का पहला*
**Da Vinci Xi**
सर्जिकल रोबोट

*Da Vinci Xi Model first time in private Hospital of C.G.



| डॉ. दिवाकर पाण्डेय | डॉ. श्रवण नाडकर्णी | डॉ. दीपांजन बिस्वास | डॉ. नूपुर प्रिया | डॉ. दीपमाल्या चटर्जी | डॉ. इशिता कत्याल | डॉ. रश्मी राय | डॉ. पलक अग्रवाल | डॉ. रूद्र प्रताप सिंह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MBBS, MS जनरल सर्जरी, MCh सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टाटा मेमोरियल अस्पताल | MS, FMAS, MCh सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टाटा मेमोरियल अस्पताल | MS, MCh सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टाटा मेमोरियल अस्पताल | MS (जनरल सर्जरी) ब्रेस्ट एंड सर्जिकल ऑकॉलोजी टाटा मेमोरियल सेंटर | MS, MCh प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी | MBBS, MS, Mch. DrNB प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव एवं एस्थेटिक सर्जरी टाटा मेमोरियल अस्पताल | MDS- (ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी) FIBCSOMS-(हेड एंड नेक) | BDS, MDS (ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी), FHNO ओरल ऑन्कोलॉजी | MS, DNB ऑर्थो ऑन्को सर्जरी टाटा मेमोरियल अस्पताल |

| 4,20,000+ | 66,000+ | 85,000+ | 12,000+ | 8,000+ | 3,000+ | 500+ | 70+ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ओपीडी | मरीजों का ईलाज | कीमोथेरेपी | जटिल सर्जरी | रेडिएशन थेरेपी | ब्रेकीथेरेपी सेशन्स | नि:शुल्क जाँच शिविर | प्रतिष्ठित भागीदार संगठन |

अस्पताल परिसर में आवास सुविधा (सुख सराय) एवं रायपुर रेल्वे स्टेशन से बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर तक नि:शुल्क बस (पिकअप और ड्राप) सेवा उपलब्ध

**150+ सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट**

### विश्वस्तरीय कैंसर देखभाल

- मेडिकल ऑन्कोलॉजी • कीमोथेरेपी, इम्यूनो थेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी • हेमेटोलॉजी
- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी • न्यूक्लियर मेडिसिन • सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
- प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव एवं एस्थेटिक सर्जरी • न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी • गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
- ऑर्थो ऑन्को सर्जरी • ऑन्कोपैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक • पैन एवं पैलिएटिव केयर

### सहायक सेवाएँ –

- आहार और पोषण सेवाएँ
- ईएनटी स्पीच थेरेपी
- क्लीनिक साइकोलॉजी
- फिजियोथेरेपी
- पुनर्वास थेरेपी

छत्तीसगढ़ की **पहली** नवीनतम हैल्सीऑन व ट्रू बीम रेडिएशन मशीनों द्वारा कैंसर का सटीक ईलाज



HALCYON RADIOTHERAPY | LINAC True Beam | PET SCAN | SPECT CT SCAN




# बालको मेडिकल सेंटर

बीएमसी कैंसर डेकेयर - 1st फ्लोर, गंगा डायग्नोस्टिक्स, कलर्स मॉल के पास, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
हॉस्पिटल - सेक्टर 36, नया रायपुर, छ. ग. 8282823333/4444 | www.balcomedicalcentre.com

छत्तीसगढ़ शासन, डॉ.खूबचंद बघेल योजना, आयुष्मान भारत, C.G.H.S. एवं सभी प्रमुख PSUs-Coal India (SECL), SAIL, SECR, CRPF ESIC, ECHS, NTPC, NMDC व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित

ATUL PUBLICITY

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com